# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 37 | गौतमबुद्धनगर, शनिवार 06 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

105 गांव के किसान सड़क पर, बैरिकेडिंग पर



P- 4

जौनपुर में नगरपालिका का एक लिपिक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



P- 5

अब वर्चुअल वर्ल्ड में भी हुआ गैंगरेप, आभासी दुनिया में कैसे घूम रहे हैं



P- 6

आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, महिला खिलाड़ियों की

## हैप्पी मॉर्निंग

टप्पू ने पप्पू से पूछा - तू लड़की देखने गया था, क्या लड़की पसंद नहीं आई? शादी क्यों तोड़ दी? पप्पू - यार लड़की तो सुंदर थी लेकिन उसका कोई बॉयफ्रेंड नहीं था... टप्पू - तो? पप्पू - जो आज तक किसी की न हो सकी, वो मेरी क्या होगी... मैं तो शादी उसी लड़की से करूंगा जिसका ब्वॉयफ्रेंड हो!

## शायरी

तीर खाने की हवस है तो जिगर पैदा कर
सरफ़रोशी की तमन्ना है तो सर पैदा कर।

## अर्थसार

संसेक्स:
72,026.15
+178.58 (0.25%)
निफ्टी:
21,710.80
+52.20

## मौसम

अधिकतम : 16 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय रविवार : 7 : 16
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 40

# कोरोना संक्रमण में फिर तेजी

## एक दिन में मिले 761 नए केस और 12 मौतें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर से तेजी से फैलने लगा है। भारत में बीते 24 घंटे में 761 नए केस दर्ज हुए और 12 मरीजों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश के कोविड-19 के एक्टिव केस बढ़कर 4,334 हो गए हैं। केरल में 5, कर्नाटक में 4, महाराष्ट्र में 2 और उत्तर प्रदेश में 1 पीड़ित की मौत हुई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,33,385 हो गई। वहीं, 838 लोगों ने कोरोना को मात दी और रिकवर होने वालों की संख्या बढ़कर 4.44 करोड़ तक पहुंच गई।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, कोरोना से फिलहाल राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत है जबकि मृत्यु दर 1.18 फीसदी पर है। जनवरी 2020 में कोविड-19 के प्रकोप के बाद से अब तक भारत में 4.50 करोड़ (4,50,16,604) मामले दर्ज हुए हैं। गुरुवार को भारत में 760 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए थे और 2 की मौत हुई। इससे पहले एक दिन में देश



में कोविड के 602 केस मिले थे और 5 की मौत हुई थी। बता दें कि कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 के अब तक देश में 511 केस मिल चुके हैं। सबसे ज्यादा इसका प्रकोप कर्नाटक में देखने को मिला है।

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट जेएन.1 के 2 मामलों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक बिजय कुमार महापात्रा ने कहा कि ये दो मामले सुंदरगढ़ और भुवनेश्वर में मिले हैं। उन्होंने कहा कि दोनों मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, कोविड से संक्रमित पाए गए 28 लोगों के नमूनों को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा गया था जिनमें से 2 जेएन.1 से संक्रमित मिले। महापात्रा ने कहा कि सुंदरगढ़ के मरीज का घर में ही इलाज किया गया था और वह क्वारंटीन की अवधि पूरी कर चुका है। उन्होंने कहा कि उसके संपर्क में आए लोगों में बीमारी के लक्षण नहीं मिले। एक अन्य मरीज बुजुर्ग महिला है और वह भुवनेश्वर के निजी अस्पताल में भर्ती थीं। उन्होंने कहा कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है।

# मणिपुर में 5 लोगों की हत्या की होगी एसआईटी जांच

इंफाल। मणिपुर सरकार ने थाउबल जिले के लिलोंग चिंगजाओ इलाके में एक जनवरी को हुई गोलीबारी की घटना की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया है।

इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। राज्य सरकार ने येरीपोक के एसडीपीओ मोहम्मद रियाजुद्दीन शाह की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय एसआईटी के गठन की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री एन. वीरेन सिंह ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायलों को 5-5 लाख रुपए देने का वादा किया है। साथ ही मामूली रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि देने की बात कही है। इसके अलावा सीएम ने लोगों ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

मणिपुर में थौबल के लेंगोल पहाड़ी इलाके में 1 जनवरी को 5 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 11 लोग घायल हुए। स्थानीय लोगों ने हमलावरों की तीन गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर लिलोंग चिंगजाओ इलाके में नशीली दवाओं के व्यापार से इकट्ठा हुए धन की वसूली करने आए थे, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ।

# 8 राज्यों में आज बारिश के आसार

## 15 राज्यों में कोहरा; राजस्थान समेत 6 राज्यों में कोल्ड डे का अलर्ट, स्कूलों की छुट्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वी और मध्य राज्यों में बारिश के चलते ठंड बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में दो दिन और बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी छिटपुट बारिश हो सकती है। कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में अगले पांच दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली समेत 6 राज्यों में कोल्ड डे का अलर्ट



जारी किया गया है। राजस्थान के माउंट आबू में न्यूनतम पारा फ्रीजिंग पाइंट पर आ गया। सीकर में पारा 1.0 और फतेहपुर में 2.8 सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 15 राज्यों में कोहरा छाया हुआ है। 6 जनवरी को भी इन राज्यों में यही हालत रह सकती है। बढ़ती सर्दी को देखते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग ने प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। स्कूल अब सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

वहीं, राजस्थान के जयपुर में सरकारी और निजी स्कूलों में 8वीं क्लास तक की ठंड की छुट्टियां 13 जनवरी तक बढ़ा दी गई हैं। सीकर में भी 15 जनवरी से स्कूल खुलेंगे। वहीं, कोहरे के चलते दिल्ली से 22 ट्रेन देरी से चल रही हैं।

कोहरे का असर विजिबिलिटी पर भी पड़ा है। अंबाला, बरेली, सागर में 25 मीटर से कम विजिबिलिटी रही। वहीं, अमृतसर, चूरू, पालम (दिल्ली), जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर, बहराइच, गोरखपुर, गया, पूर्णिया में 50 मीटर से कम विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई।

## मुठभेड़ में लश्कर का आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शुक्रवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मारे गए आतंकवादी की पहचान चेक चोलन निवासी बिलाल अहमद भट के रूप में हुई है जो कथित तौर पर आतंकवादी अपराधों की श्रृंखला में शामिल था। शोपियां के चोटीगाम इलाके में आज सुबह मुठभेड़ तब शुरू हुई जब संयुक्त बलों ने आतंकवादी उपस्थिति के बारे में एक इनपुट के बाद क्षेत्र में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। आतंकवादी ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरु कर दी जबकि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

# गुजरात : परिवार के 4 लोगों की हादसे में मौत

## लकड़ी से भरा ट्रक कार पर पलटा, बच्ची समेत चार ने मौके पर दम तोड़ा, एक गंभीर

एजेंसी

डांग (अहवा)। गुजरात के डांग जिले के सापूतारा घाट में गुरुवार शाम को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां लकड़ी से भरा ट्रक गांधीनगर से गुजर रही क्रेटा कार (जीजे-18 बीएम-0701) पर पलट गया। इस हादसे में कार में सवार 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि अन्य एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक व घायल एक ही परिवार के हैं, जो सापूतारा से घर लौट रहे थे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डांग शहर में रहने वाले अमित कुमार परिवार के साथ सापूतारा घूमने गए थे।



शाम को परिवार क्रेटा कार से घर लौट रहा था। इसी दौरान सापूतारा घाट रोड पर लकड़ी से भरा एक ट्रक कार पर पलट गया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। काफी मशक्कत के बाद कार से शव निकाले जा सके। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया था।

हादसे में ट्रक ट्रक चालक, क्लीनर, समेत ट्रक में सवार दो अन्य युवक भी घायल हो गए।

सभी को इलाज के लिए सापुतारा पीएचसी में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### मृतकों के नाम

अमित कुमार पारसनाथ ठाकुर
प्रियंका ठाकुर
4 साल की बेटी अनाया
रामनाबेन तालुरवार ठाकुर
जबकि, मीराबेन रामाश्रय ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# महेंद्र सिंह धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ी

रांची। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने दो पूर्व बिजनेस पार्टनर पर 15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने रांची की सिविल कोर्ट में अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ केस फाइल किया है।

कंपनी और महेंद्र सिंह धोनी के बीच साल 2017 में करार हुआ था। धोनी का आरोप है कि कंपनी ने करार के दौरान किए गए समझौते का पालन नहीं किया। इसकी वजह से उन्हें 15 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

एग्रीमेंट में अरका स्पोर्ट्स फ्रेंचाइजी फीस का भुगतान और प्रॉफिट शेयर



करने के बात थी, लेकिन कंपनी ने ऐसा नहीं किया।

महेंद्र सिंह धोनी ने कंपनी को कई नोटिस भेजे, लेकिन कंपनी ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही लाभ में शेयर दिया। कंपनी से महेंद्र सिंह धोनी ने 15 अगस्त 2021 को करार खत्म कर लिया।

भीड़ का हमला

टीएमसी नेता के घर रेड डालने गए थे; भाजपा की मांग- राष्ट्रपति शासन लगे

# बंगाल में ईडी पर भीड़ का हमला, कई अफसर हुए घायल

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में शुक्रवार को ईडी और सीआरपीएफ की टीम टीएमसी नेता के घर रेड करने पहुंची थी। इस दौरान भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया। करीब 200 लोगों ने जांच एजेंसी के दो वाहनों में तोड़फोड़ की। इसमें कुछ अफसरों के सिर में चोट आई हैं। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। ईडी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में भीड़ के हमले में 3 अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं हैं। भीड़ ने अधिकारियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप, नकदी और बटुए छीन लिए।



एफआईआर दर्ज करने के लिए स्थानीय पुलिस में शिकायत की गई है। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस घटना पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने हमले को खतरनाक बताते हुए कहा- बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है। सरकार को राज्य में यह बर्बरता रोकनी चाहिए।

इसके साथ ही राज्यपाल ने बंगाल के डीजीपी और गृह सचिव को तलब किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा- अगर सरकार अपने मूल कर्तव्यों को निभाने में असफल रहती है तो भारत का संविधान अपना काम करेगा।

उधर, बीजेपी ने ममता बनर्जी ने इस्तीफा देने की मांग की है। साथ ही राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ईडी की टीम शुक्रवार को राशन घोटाला मामले में राज्य के 15 ठिकानों पर रेड किया। टीम साउथ 24 परगना जिले के संदेशखली गांव में तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां और बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या के घर रेड के लिए पहुंची थी। तो तृणमूल समर्थकों ने उन्हें घेर लिया और उन पर हमला कर दिया।

### राज्यपाल ने गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को तलब किया है। बोस ने कहा- यह एक भयानक घटना है। यह चिंताजनक और निंदनीय है। लोकतंत्र में बर्बरता और बर्बरता को रोकना एक सभ्य सरकार का कर्तव्य है। यदि कोई सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है, तो भारत का संविधान अपना काम करेगा।

# भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मालवाहक जहाज के अपहरण की कोशिश को नाकाम किया

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में 15 भारतीयों वाले मालवाहक जहाज एमवी लीला नोरफोक के अपहरण की कोशिश को नाकाम कर दिया है। लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज को गुरुवार शाम सोमालिया के तट के करीब अपहरण कर लिया गया था। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अपहृत जहाज ने यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस पोर्टल पर एक संदेश भेजा था जिसमें




04 जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया गया था। भारतीय नौसेना ने संदेश प्राप्त करने के बाद, एक समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात आईएनएस चेन्नई को डायवर्ट किया। विमान ने शुक्रवार की सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उससे संपर्क स्थापित किया। बयान में कहा गया है कि नौसेना का विमान लगातार गतिविधियों की निगरानी कर रहा था और आईएनएस चेन्नई सहायता प्रदान करने के लिए जहाज के करीब आ रहा था।

विरोध प्रदर्शन




मेरठ में भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने गन्ना मूल्य के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

# जांच एजंसी पर तोहमत गढ़ने की बनी परिपाटी

अवैध खनन में धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के मुख्यमंत्री को सात बार समन भेज चुका है, मगर वे किसी न किसी बहाने उसमें सहयोग करने से बचते रहे हैं।

यह परिपाटी-सी बनती जा रही है कि जब भी किसी राजनेता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो वह संबंधित जांच एजंसी को ही कठघरे में खड़ा करने लगता है। उसकी मंशा पर सवाल उठाना शुरू कर देता है। अगर संबंधित राजनेता किसी राज्य की कमान संभाले हुए हो तो वह अपने पक्ष में पूरे तंत्र को खड़ा कर देता है। दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री यही पैंतरा आजमा रहे हैं।

अवैध खनन में धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के मुख्यमंत्री को सात बार समन भेज चुका है, मगर वे किसी न किसी बहाने उसमें सहयोग करने से बचते रहे हैं। उन्होंने पार्टी, विधायकों और मंत्रियों की बैठक बुला कर समर्थन हासिल कर लिया है कि अगर प्रवर्तन निदेशालय उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई करता है, तो भी वही मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे।

इससे पहले यही कवायद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कर चुके हैं। उन पर कथित दिल्ली शराब घोटाले में सहयोग करने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय उन्हें तीन बार पूछताछ के लिए बुला चुका है, मगर वे उसके इरादे पर सवाल उठाते हुए उसके नोटिस को ही प्रश्नांकित कर चुके हैं। वे और उनकी पार्टी लगातार इसके पीछे केंद्र सरकार की गलत मंशा बताते रहे हैं।

यह अजीब किस्म की ईमानदारी है कि आरोपी जांच में सहयोग करने के बजाय खुद को पाक-साफ बताता फिरे। कायदे से आरोपी को जांच एजंसियों के सवालों का जवाब देकर साबित करना होता है कि वह निरपराध है। प्रवर्तन निदेशालय लंबे समय से दिल्ली शराब घोटाले और झारखंड में अवैध खनन से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है।

उसे कुछ तो तथ्य हाथ लगे होंगे, जिनके आधार पर उसने दोनों मुख्यमंत्रियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। दोनों मामलों में कई लोगों को संलिप्त पाया जा चुका है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी कहते फिर रहे थे कि शराब घोटाले में उनका कोई हाथ नहीं है, मगर प्रवर्तन निदेशालय के सवालों पर वे अपने बचाव में उचित तथ्य पेश नहीं कर सके। अब बेशक आम आदमी पार्टी उन्हें बेकसूर और साजिश के तहत फंसाया गया बता रही हो, पर अदालत ने भी माना है कि वे संदेह के दायरे से बाहर नहीं हैं। इसलिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस तर्क में कोई दम नजर नहीं आता कि केंद्र सरकार उन्हें जेल भेजना चाहती है। जब तक ईडी के आरोपों को तथ्यों के जरिए बेबुनियाद नहीं ठहरा देते, वे सवालों के घेरे में बने रहेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री से इसलिए भी सवालों का सामना करने की अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी पार्टी के गठन के दिन से ही दावा करते नहीं थकते कि उनकी पार्टी कट्टर ईमानदार है। ईमानदारी का प्रमाण इसका जुबानी एलान नहीं हो सकता। उसे सबूतों के साथ पेश करना पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली सरकार के अनेक फैसले और योजनाएं अनियमितताओं के आरोप झेल रही हैं।

हालांकि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री दावा करते हैं कि हर काम उन्होंने पारदर्शी तरीके से किया है। अगर ऐसा है तो जांच एजंसियों के सवालों से भागने की जरूरत क्या है। जनहित से जुड़े मामलों में लगे भ्रष्टाचार के आरोप राजनीतिक रंग दे देने से समाप्त नहीं हो जाते। यह ठीक है कि जांच एजंसियों के कामकाज के तरीके पर भी पिछले कुछ वर्षों में गंभीर सवाल उठे हैं, पर इससे सोरेन और केजरीवाल को बचाव का रास्ता नहीं मिल जाता।

# ईडी के समन की अवहेलना कर कानून को मुंह चिढ़ा रहे हैं दो राज्यों के मुख्यमंत्री

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



दिल्ली शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को कोर्ट जमानत नहीं दे रहा। मतलब अदालत यह समझती है कि इन दोनों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, अगर इनको जमानत दी गई तो ये लोग जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

इन दिनों देश में दो मुख्यमंत्री कानून और जांच एजेंसियों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। इनमें पहले मुख्यमंत्री दिल्ली के अरविंद केजरीवाल और दूसरे झारखंड के हेमन्त सोरेन हैं। दोनों मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार से जुड़े अलग-अलग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी कई दफा नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुला चुकी है। लेकिन दोनों ईडी के सामने पेश न होने के बहाने बना रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत को ईडी सात बार और केजरीवाल को तीन बार समन भेजी चुकी है।

लेकिन दोनों पूरी ढिठाई और बेशर्मी से इस मामले में पॉलिटिकल विक्टिम कार्ड का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। दोनों ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हैं। और केंद्र की मोदी सरकार पर अपने विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। असल में राजनीतिक आरोपों के आड़ में ये दोनों खुले तौर पर कानून और जांच एजेंसियों का मजाक उड़ा रहे हैं।

बीती 3 जनवरी को अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाला केस में ईडी ने तीसरा नोटिस देकर बुलाया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी के सामने पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने ईडी को जवाब भेजकर समन को अवैध करार दिया।

जिस शराब घोटाले में केजरीवाल से पूछताछ होनी है, उस मामले में उनके दो बड़े नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह महीनों से तिहाड़ में बंद हैं। मामला गंभीर है। जांच में केजरीवाल का नाम सामने आने के बाद से यह साफ है कि एजेंसी के पास उनके खिलाफ ठोस सुबूत होंगे। इस मामले में सीबीआई उनसे पूछताछ कर चुकी है। केजरीवाल अक्सर मीडिया और सार्वजनिक मंचों से छाती ठोककर खुद अपने को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देते हैं। दस साल पुरानी आम आदमी पार्टी के दिल्ली और पंजाब के लगभग 20 नेता विभिन्न मामलों में जेल की सैर कर चुके हैं। इन दोनों राज्यों में आप की सरकार है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी को जमीन घोटाले और अवैध खनन मामले में पूछताछ करनी है। ईडी उन्हें सात समन भेज चुकी है। लेकिन हेमंत लगातार पूछताछ से भाग रहे हैं। ईडी ने अपने सातवें समन में मुख्यमंत्री से यह पूछा था कि वो स्वयं पूछताछ के लिए जगह तिथि व समय बता दें, ताकि पूछताछ की जा सके। लेकिन मुख्यमंत्री ने जो जवाब भेजा है उसमें जगह तिथि व समय का जिक्र नहीं है।

केजरीवाल और सोरेन ही नहीं विपक्ष के जिस नेता के यहां जांच एजेंसियां पहुंचती हैं, वो इसे राजनीति से प्रेरित बताकर राजनीतिक ड्रामा करने लगता है। बीते दिनों झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से इनकम टैक्स की छापेमारी के दौरान 353 करोड़ से ज्यादा की नगदी बारामदगी हुई है। इस मामले पर भी जमकर राजनीति हुई। पश्चिम बंगाल में बीती जुलाई में, टीएमसी नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को स्कूल नौकरी घोटाले से जुड़े एक मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। इस साल की शुरुआत में, टीएमसी सांसद और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती और कोयला तस्करी मामलों के संबंध में पूछताछ की गई थी। राशन वितरण घोटाले में ममता सरकार के राज्य मंत्री मलिक को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

फरवरी 2019 में सीबीआई की एक टीम कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार से शारदा चिट फंड घोटाले में पूछताछ करने आई तो सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर सीबीआई का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और धरने पर बैठ गई थी।

शारदा समूह ने पश्चिम बंगाल में कई पोंजी योजनाओं के जरिये कथित तौर पर लाखों लोगों को ठगा। इसमें तृणमूल कांग्रेस नेताओं के नाम सामने आए थे। सीबीआई उसकी जांच कर रही है तो राज्य सरकार ने राजनीतिक कारणों से उसे रोकने का काम किया।

बिहार में लालू यादव और उनके परिवार के सदस्य भ्रष्टाचार के मामले में जांच का सामना कर रहा है। भ्रष्टाचार और अपराध में लिप्त पक्ष और विपक्ष के तमाम नेता जांच एजेंसियों के राडार पर हैं। कई नेता जेल की सजा भी काट रहे हैं। सीधी-सी बात है अगर किसी का दामन पाक साफ है तो उसे जांच एजेंसी पूछताछ के लिए क्यों बुलाएगी? अगर कोई बेगुनाह है तो उसे अदालत सजा क्यों देगी? अदालत या जज किसी पार्टी के कार्यकर्ता या नेता नहीं हैं।

दिल्ली शराब घोटाले में सिसोदिया और संजय सिंह को कोर्ट जमानत नहीं दे रहा। मतलब अदालत यह समझती है कि इन दोनों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, अगर इनको जमानत दी गई तो ये लोग जांच को प्रभावित कर सकते हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री आजम खां, उनकी पत्नी और बेटा जेल में बंद हैं। लालू प्रसाद यादव चारे घोटाले में सजायाफ्ता हैं। क्या बिना किसी कसूर के अदालत ने उन्हें सजा सुनाई है।

भ्रष्टाचार के एक मामले में बीती 22 दिसंबर को यूपी में बसपा सरकार में शिक्षा मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी को 3 साल कैद की सजा हुई है। बीती 21 दिसंबर को मद्रास हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में डीएमके नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी को दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद और 50 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पोनमुडी की पत्नी विशालाक्षी को भी दोषी ठहराया गया है। सवाल यह है कि, क्या इन नेताओं को अदालत से मिली सजा राजनीति से प्रेरित है?

वास्तव में, राजनीतिक भ्रष्टाचार पर राजनीतिक दलों के बीच गजब का आपसी तालमेल और सहमति का इतिहास रहा है। सार्वजनिक मंचों से एक दूसरे के खिलाफ चाहे कितना भी कीचड़ उछाला जाए, लेकिन चुनाव बाद भ्रष्टाचार की बात नहीं होती थी। लेकिन 2014 में केंद्र की मोदी सरकार आने के बाद से भ्रष्टाचार खासकर राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ चली आ रही सहमति और तालमेल पर जोरदार प्रहार किया गया। नतीजतन, आज कई भ्रष्ट नेता और प्रभावशाली लोग जेल की रोटियां खा रहे हैं।

जब कानून के हाथ तथाकथित प्रभावशाली लोगों और नेताओं की गर्दन तक पहुंचने लगते हैं, तो वो जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिशोध का बाजा बजाने लगते हैं। जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग कानून और जांच एजेंसियों से बचने के लिए जब तरह—तरह के हथकंडे अपनाते हैं तो इससे समाज में गलत संदेश जाता है। इससे आम आदमी के मन में कानून और जांच एजेंसियों के प्रति अनादर का भाव उपजता है और कानून का राज स्थापित करने में कठिनाइयां आती हैं।

राजनीतिक दल और नेता अपनी गिरेबां में झांकने की बजाय सत्ता पक्ष पर जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हैं। एजेंसियां का दुरुपयोग हर दल की सरकार करती है, यह कड़वी हकीकत है। बीते साल यूटयूबर मनीष कश्यप को वीडियो बनाने के लिए राजद्रोह और अन्य गंभीर मामलों में जेल में ठूंसकर बिहार और तमिलनाडु की सरकारों ने किस तरह जांच एजेंसियों और पुलिस का दुरुपयोग किया, उसे पूरे देश ने देखा। 2012 में महाराष्ट्र कांग्रेस की सरकार ने कार्टूनिस्ट असीम त्रिवेदी के एक कार्टून से नाराज होकर उन्हें राजद्रोह के आरोप में जेल भेजा था। जांच एजेंसियों और पुलिस के दुरुपयोग के तमाम उदाहरण हैं। केजरीवाल और सोरेन का ईडी के सामने पेश न होना उन्हें संदेह के घेरे में खड़ा करता है। अगर वो पाक-साफ हैं तो उन्हें ईडी के समाने अपना पक्ष रखना चाहिए। ये दोनों एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय इस बात की तैयारी कर रहे हैं कि गिरफ्तारी के बाद वो अपने परिवार के किसी सदस्य को सीएम की कुर्सी पर कैसे बिठा सकते हैं। फिलवक्त केजरीवाल और सोरेन की राजनीति और बयानबाजी इस ओर इशारा कर रही है कि उन्हें अपने भविष्यफल का ज्ञान है। ईडी को इस मामले में उचित कार्रवाई करके मिसाल स्थापित करनी चाहिए। कानून के राज की स्थापना के लिए भी यह जरूरी है।

# टाईम पास

## अधिकारियों की औपनिवेशिक मानसिकता बरकरार

प्रशासन से पारदर्शिता गायब है। यही वजह है कि शाजापुर के जिलाधिकारी ने ट्रक चालकों को भय दिखा कर आंदोलन से दूर हटाने का प्रयास किया।

प्रशासनिक अधिकारियों की आम लोगों से दूरी इसीलिए बढ़ती गई है कि वे अपने ओहदे के अहंकार से बाहर निकल ही नहीं पाते। अधिकारी प्राय-अपने आसपास आतंक का ऐसा घेरा बनाए रहते हैं कि लोग उन तक सामान्य तरीके से पहुंच ही नहीं पाते। अगर किन्हीं स्थितियों में वे आम लोगों के बीच घिर जाते हैं या मजबूरी में उन्हें उनके बीच जाना पड़ता है, तब भी उनकी कोशिश यही रहती है कि उनके रुतबे का दबदबा कायम रहे।

दो दिन पहले ट्रक चालकों की हड़ताल के समय मध्यप्रदेश में शाजापुर के जिलाधिकारी ने भी इसी प्रवृत्ति के चलते अपनी हनक दिखाते हुए चालकों की 'औकात' पर सवाल खड़े कर दिए। इसे लेकर खासा बवाल हुआ। अच्छी बात है कि राज्य के मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल जिलाधिकारी को वहां से हटा दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अधिकारियों से ऐसी भाषा की अपेक्षा नहीं करती और न बर्दाश्त कर सकती है।

न जाने दूसरे अधिकारियों ने इस प्रकरण से क्या सबक लिया है। मगर इससे एक बार फिर यह सवाल गाढ़ा हुआ है कि लोकसेवक आखिर कब लोक की सेवा का अपना कर्तव्य समझे और आम लोगों से तालमेल बिठा कर अपने सामाजिक कल्याण के दायित्व का निर्वाह सीखेंगे।

प्रशासनिक अधिकारी आमजन और सरकार के बीच एक मजबूत कड़ी होते हैं, जो न सिर्फ सरकारी योजनाओं को सही और प्रभावी ढंग से लागू करते, बल्कि स्थानीय समस्याओं की तरफ सरकार का ध्यान भी आकर्षित करते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि लोगों के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुने-समझेंगे और उनके समाधान का हर संभव प्रयास करेंगे।


मगर स्थिति यह है कि आजादी के बाद लोकतंत्र की स्थापना के बावजूद जिलाधिकारियों की औपनिवेशिक मानसिकता बदल नहीं पाई है। वे जनता का सेवक बन कर काम करने के बजाय शासक बन कर रहना ज्यादा पसंद करते हैं। स्थिति यह है कि अगर कोई उनके खिलाफ अंगुली उठा देता या उठाने का प्रयास करता है, तो वे उसके दमन पर उतर आते हैं। इस तरह भय का वातावरण बना कर मनमाने ढंग से काम करने की कोशिश करते हैं।

प्रशासन से पारदर्शिता गायब है। यही वजह है कि शाजापुर के जिलाधिकारी ने ट्रक चालकों को भय दिखा कर आंदोलन से दूर हटाने का प्रयास किया। जबकि उनसे अपेक्षा की जाती थी कि वे आंदोलनकारियों की बात सुनें और उनकी मांगों पर समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाएं। मगर नौकरशाही में ऐसी सलाहियत शायद सिरे से गायब होती जा रही है।

प्रशासनिक सुधार संबंधी अनेक सुझाव समय-समय पर सरकारों को सौंपे गए, मगर उन्हें अमली जामा पहनाने का कोई गंभीर प्रयास नहीं हुआ। इसी का नतीजा है कि सत्तापक्ष अपनी मंशा के अनुरूप नौकरशाही का इस्तेमाल करता रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों में भी सत्ता से करीबी कायम कर 'लाभ' की जगहों पर पहुंचने की होड़ देखी जाती है।

मध्य प्रदेश के जिस जिलाधिकारी को अपदस्थ किया गया, वे भी इस मानसिकता से मुक्त नहीं माने जा सकते। उन्हें भरोसा रहा होगा कि ट्रक चालकों को अपनी धौंस से काबू में कर लेंगे, तो सत्तापक्ष पर उनका प्रभाव बढ़ जाएगा। सत्ता और प्रशासन के बीच इस गठजोड़ को लंबे समय से लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत माना जाता रहा है। मध्यप्रदेश की नवनिर्वाचित सरकार ने एक जिलाधिकारी के प्रति कठोर कदम उठा कर नौकरशाही को अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन करने का संदेश तो दिया है, मगर देखना है, यह कितना टिकाऊ साबित होता है।

## काकुरो पहेली - 3056




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

11 → 1 2 3 5; 7 ↑ 1 2 4

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3055 का हल



## लॉफिंग जौक्स

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □

एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3056



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3055



## सूडोकु -3056

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3055 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली -3056



**बाएँ से दाएँ**

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली -3055 का हल



# 105 गांव के किसान सड़क पर, बैरिकेडिंग पर चढ़ीं महिलाएं

## नोएडा में एनटीपीसी पर ताला लगाने जाते किसानों ने पुलिस से की धक्का-मुक्की

नोएडा। नोएडा में शुक्रवार को एनटीपीसी के खिलाफ किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने ताला-जंजीर लेकर एनटीपीसी की परिक्रमा शुरू कर दी। लेकिन किसानों को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इसके बाद किसानों और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। धक्का-मुक्की करके किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, मगर पुलिस की सख्ती के आगे उनकी एक न चली।

प्रदर्शन में शामिल महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं, जिन्हें महिला पुलिसकर्मियों ने नीचे उतारा। किसानों ने ऐलान किया था कि परिक्रमा पूरी होने के बाद एनटीपीसी पर तालाबंदी कर देंगे। प्रोडक्शन नहीं होने देंगे। हालांकि बाद में एनटीपीसी के सीएमडी से एक सप्ताह में बैठक करने के आश्वासन के बाद किसानों ने तालाबंदी का फैसला टाल दिया।

### 105 गांव के किसानों ने की नारेबाजी

इस प्रदर्शन में 105 गांव के किसान शामिल हुए। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा दी थी। शुक्रवार दोपहर किसान भारतीय किसान परिषद की अगुवाई में एनटीपीसी की परिक्रमा शुरू की। महिलाएं भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। बैरिकेडिंग पर पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। यहां धक्का-मुक्की हुई। इसी बीच महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ गईं। जमकर नारेबाजी की। दरअसल, करीब 24 गांव के किसान सीधे तौर पर प्रभावित हैं। जिनका समर्थन नोएडा के 81 गांव के किसान भी कर रहे है।



### सड़क पर उतरे किसानों की मांगे

एक समान दर से मुआवजा दिया जाए।

बच्चों के लिए स्कूल और एनटीपीसी में नौकरी दी जाए।

एनटीपीसी के प्रभावित सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए।

एनटीपीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भूविस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए।

200 बेड का अस्पताल बनाया जाए।

दादरी में दो डिग्री कॉलेज खुलवाया जाए।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि कड़ाके की ठंड में महिलाएं और बुजुर्ग दिन-रात धरने पर हैं। 18 दिन तक समान मुआवजा, रोजगार, 10प्रतिशत प्लाट अन्य मांगों पर हमने घर छोड़ा हुआ है। लेकिन एनटीपीसी की तरफ से कोई आश्वासन नहीं है। इससे किसानों में आक्रोश है। आज एनटीपीसी का कोई भी काम नहीं चलने दिया जाएगा। किसान इस बार आर-पार के मूड में है। ख़लीफ़ा ने बताया कि चार साल से किसान धरने पर बैठे हैं। अब अगर काम नहीं होता है तो किसान जल्दी ही दिल्ली में एनटीपीसी के सीएमडी का घेराव करेंगे। वहीं नोएडा प्राधिकरण पर भी धरना जारी है। यहां प्राधिकरण अधिकारियों को 10 जनवरी तक का समय दिया गया है।

### नोएडा पुलिस कर सकती है गिरफ्तार

पुलिस का नजरिया भी इस आंदोलन को लेकर साफ है। यदि तालाबंदी की जाती है, तो बड़ी संख्या में किसानों को गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने एनटीपीसी के दोनों गेट पर बैरिकेडिंग की है।

इसके अलावा अन्य मार्ग पर ही आवश्यकता पड़ने पर डायवर्ट किया जा सकता है। आज धरने में पीएसी के साथ कई थानों की पुलिस को बुलाया गया है। ताकि किसी प्रकार का लॉ एंड ऑर्डर का उल्लंघन न हो।

# लखनऊ भेजी जा रही 88 डिफाल्ट बिल्डर प्रोजेक्ट की रिपोर्ट

## 34 पाइंट पर मांगी गई जानकारी, अधिकांश का काम अधूरा, कोर्ट में चल रहे मामले

**नोएडा।** अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद नोएडा प्राधिकरण 88 बिल्डर प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट शासन को भेज रहा है। बिल्डर वो है जिनका काम अभी अधूरा है यानी बायर्स से पूरा पैसा लिया निर्माण नहीं किया, आधा काम ही किया, अधिकांश जमीन खाली है, इनके मामले में कोर्ट में है।

इन बिल्डर को प्राधिकरण ने 2007, 2008, 2009 तक के है। कुछ ऐसे भी है जिनको भूखंड का आवंटन 2009 के बाद भी किया गया। 34 पाइंट पर इनकी डिटेल तैयार की जा रही है। जिसे आगामी 24 घंटे में शासन को भेजना है।

दरअसल शासन की मंशा है कि सालों से आशियाना का सपना देखने वाले बायर्स को उनका घर दिया जाए और जिनको मालिकाना हक नहीं मिला उनकी रजिस्ट्री कराई जाए। एनसीआर में ऐसे 2.4 लाख लोग है।



बता दे दोनों शहरों में करीब 1 लाख से अधिक घर खरीदार हैं जिन्हें अपने फ्लैट की रजिस्ट्री और उनकी संपत्तियों के कब्जे के रूप में लाभ होगा।

1 लाख में से 68,000 ग्रेटर नोएडा में 96 डिफॉल्ट परियोजनाओं में हैं, और 32,000 से अधिक नोएडा में 57 परियोजनाओं में हैं।

इसके अलावा नोएडा में करीब 69 हजार फ्लैट बायर्स है जिनको अपने आशियाना का इंतजार है। इसी तरह ग्रेटरनोएडा में एक लाख ये ज्यादा फ्लैट बायर्स है।

इसी को लेकर 5 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण में एक बैठक होगी। इसके बाद चेयरमैन नोएडा और ग्रेटरनोएडा के बिल्डरों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में को डेवलपर्स की बातचीत भी की जा सकती है।

### इन सेक्टरों के प्रोजेक्ट है प्रभावित

जिन 88 बिल्डर प्रोजेक्ट की रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है उसमें सबसे ज्यादा सेक्टर-77,76,78,75 के है। इन बिल्डरों की फाइलों से दस्तावेज निकाले जा रहे है।

## घर के बाहर लगा दिए अश्लील पोस्टर, केस दर्ज

ग्रेटर नोएडा। रबूपुरा थाना क्षेत्र में एक घर के बाहर कुछ युवकों ने अश्लील पोस्टर लगा दिए। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की। जिसके बाद पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बता दे की थाना रबूपुरा के प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि फलैदा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक बीते 28 दिसंबर को उनके घर के पास रात करीब 1: 00 बजे राहुल कुमार पुत्र सुभाष चंद्र निवासी फरीदाबाद और उसके दो साथी आए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इन लोगों ने उसके घर के आसपास उनके और उनके भतीजे जिनका स्वर्गवास हो चुका है, उनके नाम से लिखे हुए अश्लील पेपर फेंका। जिस पर इन्होंने लिखा, यहां बाजारू औरते मिलती हैं। जिनका रेट भी उस पर लिखा गया। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गौतम बुद्ध नगर में झुग्गियों में लगी आग

## एक युवक की जिंदा जलकर मौत

गौतम बुद्ध नगर। कड़ाके की ठंड और सर्दी के सितम से बचने के लिए ग्रेटर नोएडा की कासना स्थित झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों ने आग का सहारा लिया। लेकिन हवा के कारण आग झुग्गियों तक पहुंच गई और झुग्गियां जलने लगीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिससे बाकी झुग्गियां बच गईं। लेकिन तीन झुग्गियां जल कर खाक हो गईं। इस दौरान एक 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवक मुंशर अली की मौत हो गई। आग लगने से गंभीर रूप से जल जाने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए। यह हादसा ग्रेटर नोएडा के थाना कासना क्षेत्र में स्थित झुग्गी बस्ती कॉलोनी में हुआ। जहां पर देर रात झुग्गी बस्ती वाले कड़ाके की ठंड से बचने के लिए आग जलाए हुए थे। इस दौरान आग झुग्गियों में फैल गई और कई झुग्गियों को अपने चपेट में ले लिया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तीन झुग्गियां जलकर खाक हो गई थीं। इस दौरान आग की चपेट में आने के कारण मुंशर अली गंभीर रूप से झुलस गया था। जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

कासना थाना प्रभारी ने बताया कि रात में ठंड से बचने के लिए कुछ लोगों ने आग जलाई थी। आग जलाने के बाद वह लोग सो गए। इसी दौरान आग तीन झुग्गियों में लग गई और वह जलकर खाक हो गई। इसी दौरान एक युवक आग में बुरी तरह से झुलस गया।

## जेवर में चोरों तक का आतंक

**जेवर।** रबूपुरा और दनकौर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग जगह से दो किसानों की ट्यूबवेलों से विद्युत उपकरण चोरी करने का मामला सामने आया है। इस जगह से तो ट्यूबवेल की छत को काटकर ही चोर हजारों रुपये का सामान चोरी करके ले गए। मामले की जानकारी दोनों किसानों को शुक्रवार की सुबह हुई। इस संबंध में दोनों पीड़ितों ने दनकौर और रबूपुरा कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत की है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि पुलिस की रात के वक्त गस्त नहीं करने की वजह से ही क्षेत्र में चोरी की वारदातें हो रही हैं। जिसको लेकर उन्होंने पुलिस गस्त बढ़वाने की मांग पुलिस कमिश्नर से भी की है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी किसान धर्मपाल ने बताया कि उनकी ट्यूबवेल बुलंदशहर और गौतम बुद्ध नगर की सीमा पर है। जबकि वह गौतम बुद्ध नगर सीमा में उनके खेत आता है। उनका आरोप है कि गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने उनकी ट्यूबवेल की छत को काटकर अंदर घुस गए। जो अंदर से विद्युत मोटर स्टार्टर समेत कई हजार रुपये का सामान चुरा कर ले गए। पीड़ित किसान का कहना है कि शुक्रवार की सुबह जब वह ट्यूबवेल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अंदर से सारा सामान गायब है। जबकि छत कटी हुई है। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

# सरिया स्क्रैप माफिया गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

## रवि नागर समेत 10 आरोपियों की तलाश जारी, स्क्रैप को ट्रकों से पहुंचाते थे

**गौतम बुद्ध नगर।** सरिया स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना गिरोह के खिलाफ पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। कोतवाली बीटा-2 पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को पी-3 गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी राशिद अली और अफसार अली शातिर किस्म के स्क्रैप माफिया हैं। जिनका गैंग लीडर रवि नागर उर्फ रविन्द्र सिंह उर्फ रवि काना है।

राशिद अली और अफसार अली अपनी पहचान छिपाकर गैंग लीडर रवि काना के लिए अवैध माल, स्क्रैप को



ट्रकों से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का कार्य करते थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए राशिद अली और अफसार अली का नाम उन 16 लोगों में शामिल है। जिनके खिलाफ बीटा-2 कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। इन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि रवि के गैंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

राजकुमार नागर, तरून छोंकर, अमन, विशाल, अवध उर्फ बिहारी उर्फ अमर सिंह, महकी नागर उर्फ महकार, अनिल, विक्की अफसार, राशिद अली, आजाद नागर, प्रहलाद, विकास नागर, कु0 काजल झा, मधु के खिलाफ थाना बीटा-2 पर पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में राशिद अली और अफसार अली की गिरफ्तारी हुई है। रवि नागर की 100 करोड़ रुपए से ज़्यादा की संपत्ति को कुर्क किया है। पुलिस गिरोह के सदस्य अनिल, राजकुमार नागर, विकास नागर, आजाद नागर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी।

# हिट एंड रन मामले में आरोपी गिरफ्तार

## महर्षि विश्वविद्यालय के बाहर युवती को मारी थी टक्कर, वीडियो वायरल होने पर लिया संज्ञान

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-110 महर्षि विश्वविद्यालय के पास हिट एंड रन के आरोपी को थाना सेक्टर-39 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मुनेंद्र है। आरोपी की फारच्युनर कार को सीज कर दिया गया है।

दरअसल करीब एक सप्ताह पहले महर्षि विश्वविद्यालय के पास खड़ी स्टूडेंट को तेज रफ्तार वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। पीड़िता की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया। हिट एंड रन मामले में घायल स्टूडेंट स्तुति त्रिपाठी के चाचा अनुपम त्रिपाठी ने बताया था कि उनकी भतीजी विश्वविद्यालय में बी.कॉम प्रथम वर्ष की स्टूडेंट है। करीब एक सप्ताह पहले वह दोस्तों के साथ विश्वविद्यालय के कैंपस की रोड पर खड़ी थी।




तभी पीछे से एक सफेद रंग की गाड़ी तेज गति से आई कार ने स्तुति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्टूडेंट थोड़ी दूर जाकर गिरी। स्टूडेंट के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे के बाद स्टूडेंट अपने घर वाराणसी चली गई थी। इससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हुई है। इस मामले में कार्रवाई न होने से स्टूडेंट के परिजन परेशान हैं। पुलिस की शिकायत के बाद आरोपी की कार नंबर के आधार पर पहचान कर उसकी गिरफ्तारी की गई। आरोपी के पास से सफेद रंग की फारच्युनर कार भी बरामद की गई। जिसको सीज कर दिया गया है।

## पार्किंग में खड़े युवक को गाड़ी ने मारी टक्कर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की सोवियर ग्रीन आर्क सोसाइटी से एक मामला सामने आया है। जिसमें बेसमेंट की पार्किंग में खड़े एक युवक को एक गाड़ी टक्कर मार दी। हादसे में युवक के पैर और घुटने में चोटें आई हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दे की सोवियर ग्रीन आर्क सोसाइटी के बेसमेंट में एक युवक पार्किंग में खड़ा था। तभी सामने से एक सफेद रंग की गाड़ी आती है और युवक को टक्कर मारकर चली जाती है। घटना का 24 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना में युवक के पैर और घुटने में चोटें आई हैं।

## नोएडा में पुलिस की लुटेरे से मुठभेड़

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की बिसरख थाना पुलिस और एक बाइक सवार बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। यह बदमाश एक बड़े ही शातिर किस्म का लुटेरा है, जो लूट और चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम दिया करता था। थाना बिसरख पुलिस द्वारा गुरुवार रात को एटीएस गोल चक्कर पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर व्यक्ति सवार था। हिन्डन पुल नोएडा की ओर से आ रहा था, जिसे रुकने का इशारा किया गया, जो नहीं रुका और तेजी से बाईं ओर हिन्डन पुस्ता की ओर भागने लगा। बदमाश होने के शक पर पुलिस द्वारा उसका पीछा किया गया तो राइस गोल चक्कर से हिन्डन पुस्ता की ओर जाने वाले रास्ते पर तेज गति होने के कारण मोटर साइकिल सवाल फिसलकर गिर गया। पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध असलहा से फायर करने लगा। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की, जिससे बदमाश अनीश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। यह बदमाश सुदामापुरी थाना क्रासिंग गाजियाबाद का रहने वाला है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 1 अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल पल्सर बरामद की। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मैंने अपने साथी फिरोज एवं आसिफ के साथ मिलकर गौर सिटी चौक के सामने एक महिला के गले से चेन छीनी थी। डी मार्ट के सामने गाडी का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी किया था।

## गौतम बुद्ध नगर में प्रेमी ने प्रेमिका को पीटा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक प्रेमिका ने अपने पूर्व प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर प्रेमिका ने पुलिस से शिकायत भी की है। प्रेमिका के साथ प्रेमी ने बुरी तरह से मारपीट की, जिससे उसकी काफी छोटे भी आई है। सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो बनाकर युवती ने वायरल की है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहसील बिसरख थाना क्षेत्र की एक नामी सोसाइटी में रहने वाली एक युवती ने अपने पूर्व प्रेमी पर बड़े ही गंभीर आरोप लगाए हैं प्रेमिका ने बताया कि उसका पूर्व प्रेमी मार्केटिंग का काम करता है। वह लोग करीब 2 वर्ष से रिलेशन में थे लेकिन वह अचानक से उसको धोखा देना लगा। प्रेमिका ने बताया कि मैं एक दिन एक अन्य लड़की के साथ उसको देख लिया और फिर मैं उसे अपना रिलेशन खत्म करने की बात कही लेकिन इसके बाद उसने मेरे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देने लगा।

# खनन माफियाओं ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**जेवर।** दनकौर में कनारसी गांव के जंगल में खेत के पास से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर एक युवक को पड़ोस के तीन लोगों ने ट्रैक्टर से टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल का दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपियों को नामजद करते हुए शुक्रवार को कोतवाली में पहुंचकर मामले की शिकायत की है। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव निवासी पीड़ित अनुज ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनके पड़ोस के कुछ लोग गुरुवार रात मिट्टी का खनन कर रहे थे। उनका आरोप है कि आरोपी उनके खेत के पास से मिट्टी का खनन कर रहे थे।

जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने कहा कि खनन करने से उनकी जमीन खराब हो जाएगी। इसके बाद भी आरोपियों ने उसकी कोई बात नहीं सुनी। इसके बाद पीड़ित ने उनके पास पहुंचकर उनका विरोध किया। इसी बात से गुस्साए आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए ट्रैक्टर स्टार्ट करके उसको कुचलने का प्रयास किया। इस दौरान ट्रैक्टर की टक्कर लगने से पीड़ित घायल होकर दूर गिर गए। जैसे तैसे पीड़ित ने अपनी जान आरोपियों से बचाई।

बाद में परिवार के लोगों ने घायल अवस्था में पीड़ित को दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। साथ ही इस मामले में आरोपी पक्ष के खिलाफ पीड़ित ने शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है क्या आरोपी दबंग हैं। जो दबंगई के बल पर मिट्टी खनन करते हैं। विरोध करने पर उस पर जानलेवा हमला किया गया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी शिकायत करने पर भी उस पर हमला कर सकते हैं। जिसके लिए पीड़ित ने पुलिस से आरोपीय के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## कोंडली गांव में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के कोंडली गांव में शुक्रवार की शाम युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने पहले खेत में बैठकर पार्टी की और फिर वारदात को अंजाम दिया। मृतक के भाई ने गांव के 11 लोगों पर पुरानी रंजिश में हत्या का आरोप लगा पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोंडली गांव का रहने वाला 40 वर्षीय विक्रम सिंह शुक्रवार शाम अपने खेत पर गया था। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने पहले एक साथ बैठकर शराब पार्टी की। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर विक्रम की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने विक्रम के शरीर पर चाकू से कई वार किए। विक्रम के छोटे भाई रविंद्र ने इस मामले में 11 लोगों पर हत्या का आरोप लगा शिकायत दी है। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि मृतक के भाई रविंद्र ने पुरानी रंजिश को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जल्द हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

## महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**दनकौर।** गढ़ी आजमपुर गांव में घरेलू विवाद में 33 वर्षीय पायल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर परिवार के लोगों ने उसको ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में खबर लिखे जाने तक मृतक महिला के मायके वालों की तरफ से कोई शिकायत नहीं दी गई थी।पुलिस के अनुसार क्षेत्र के आजमपुर गढ़ी गांव की रहने वाली महिला पायल की शादी करीब 14 वर्ष पहले हुई थी। बताया जाता है कि कुछ दिन से किसी बात को घर में झगड़ा हो रहा था। गुरुवार की शाम विवाद से तंग आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। मामले की जानकारी ससुरालीजनों को होने पर घर में चीख पुकार मच गई। महिला को इलाज कराने के लिए ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी महिला की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव को परिजनों सौंप दिया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि महिला के मायके पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नही दी गई है। शिकायत मिलने पर मामले में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## थप्पड़ का बदला लेने के लिए की हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में थाना खोड़ा क्षेत्र में 3 तारीख में हुए 55 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। बुजुर्ग के दो दोस्त इस मामले में गिरफ्तार हुए हैं पुलिस के मुताबिक ब्याज के 400 रुपए न देने पड़े इसके अलावा मृतक ने आरोपी को थप्पड़ मारा था। उसका बदले लेने के लिए हत्या की गई थी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया थाना खोड़ा क्षेत्र में 3 तारीख को 55 वर्षीय दिनेश मिश्रा का शव उनके घर में मिला था। दिनेश मिश्रा घर पर अकेले रहते थे। दिनेश मिश्रा की चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। पुलिस की कई टीम लगातार हत्यारों को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने सीसीटीवी और सर्विलांस के जरिए शाहिद और मदनलाल को पकड़ा है। मदनलाल की उम्र जहां 55 वर्ष है वहीं शाहिद की उम्र 25 वर्ष है। निमिष पाटिल के मुताबिक मदनलाल शाहिद और मृतक दिनेश मिश्रा तीनों की दोस्ती थी और तीनों एक साथ बैठकर शराब पीते थे। करीब 6 महीने पहले दिनेश मिश्रा से शाहिद ने 2000 रुपए उधार लिए थे। शाहिद ने दिनेश को 2000 रुपए लौटा दिए थे। लेकिन दिनेश 600 रुपए ब्याज के मांग रहा था। पुलिस के मुताबिक ब्याज में से भी 200 रुपए शाहिद दिनेश को दे चुका था। पुलिस जांच में सामने आया है कि पैसे की वसूली को लेकर दिनेश शाहिद के साथ बदसलूकी करता था गाली गलौज करता था और एक थप्पड़ भी मार दिया था।

## गाजियाबाद में भाकियू ने जिला मुख्यालय घेरा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में भारतीय किसान यूनियन ने जिला मुख्यालय का घेराव किया। किसानों ने अपना 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा। भारतीय किसान यूनियन से जुड़े नेताओं ने आरोप लगाया कि किसानों से जो वादे किए गए थे वह केंद्र और प्रदेश सरकार ने पूरे नहीं किए हैं। भारतीय किसान यूनियन के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों से सिंचाई की मुफ्त बिजली का वादा किया था। जिसकी घोषणा बजट में पेश की गई थी लेकिन अभी तक किसानों की सिंचाई की मुफ्त बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई है। वहीं गन्ने पिराई सत्र को शुरू हुए दो माह से अधिक का समय हो गया है। लेकिन गन्ने का भाव घोषित नहीं किया गया है। जबकि पिछले 4 सालों में मात्र 25 रुपए प्रति कुंतल बढ़ाकर किसानों को और गरीब करने का प्रयास किया जा रहा है। गन्ने की खेती पर बढ़ते हुए खर्च को देखकर प्रदेश सरकार 500 रुपए प्रति कुंतल गन्ने का भाव घोषित करें। गन्ने के भुगतान को डिजिटली प्रणाली भुगतान से आने वाले पिराई सत्र में जोड़ा जाए। साथ ही विजेंद्र सिंह ने बताया कि आज भी प्रदेश की कई चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है। जिसका भुगतान जल्द से जल्द कराया जाए। प्रदेश में सबसे विकराल समस्या किसानों के सामने छुट्टा पशुओं को लेकर है।

## गला रेत कर ई-रिक्शा चालक की हत्या

मोदीनगर। मोदीनगर में एक ई-रिक्शा चालक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। जिसके बाद आरोपी ने शव को एक रजाई में लपेट कर घर की छत पर बने स्टोर रुम में रख दिया। जब परिजन छत पर गए तो खून से लथपथ शव देखा। जिसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना स्थल की जांच की। पुलिस ने आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ की। मामला मोदीनगर के गांव बिसोखर का है। जहां में ई-रिक्शा चालक पवन की शुक्रवार को हत्या कर दी गई। जिसके बाद आरोपी ने शव को एक रजाई में लपेट कर घर की छत पर बने स्टोर रुम में रखा दिया। बता दें की पवन कुमार (30) ई-रिक्शा चलाते थे। कुछ समय पहले उन्हें लकवा मार गया। जिससे उनके उल्टे हाथ व पैर में कम काम करते हैं। शुक्रवार सुबह अधिक सर्दी होने के चलते वह ई-रिक्शा लेकर नहीं गए। सुबह उठने पर पड़ोस की दुकान से बीड़ी का बंडल खरीदा और छत पर चले गए। लेकिन दोपहर तक नीचे नहीं आए। परिवार के लोग घर के काम में लगे रहे तो किसी ने उन पर ध्यान नहीं दिया। दोपहर करीब तीन बजे जब बच्चे छत पर कपड़े लेने के लिए गए तो कमरे में पवन का खून से लथपथ हालत में शव पड़ा था। शव देखकर बच्चों की चींख निकल गई। शोर सुनकर भाई व पिता मौके पर पहुंचे तो शव को देख बिलखने लगे। हत्या की सूचना पर डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय समेत पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## बैंक-कर्मचारी सहित दो पर केस

मोदीनगर। मुरादनगर में दिल्ली की रोहताश नगर, शाहदरा निवासी एक महिला की कृषि भूमि पर फर्जी तरीके से लोन लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बैंक कर्मचारी सहित दो लोगों के रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के शाहदरा की रोहताश नगर कॉलोनी निवासी दर्शन देवी ने बताया कि मुराद नगर के गांव खुर्रमपुर में उनका मायका है। उन्होंने गांव खुर्रमपुर निवासी एवं अपने पिता के दोस्त श्याम सुंदर नाम के एक व्यक्ति से डेढ़ बीघा कृषि भूमि का 4 लाख में सौदा तय किया था। जिसके बाद दर्शन देवी ने 12 मई 2017 को उक्त कृषि भूमि का बैनामा मोदीनगर तहसील में अपने नाम करा लिया। तभी से इस कृषि भूमि पर महिला का कब्जा चला आ रहा है। दर्शन देवी ने बताया कि गत 13 सितंबर 2023 को उन्होंने अपनी कृषि भूमि की तहसील मोदीनगर से खतौनी निकलवाई। जिसके बाद उन्हें पता चला कि श्याम सुंदर ने गांव में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के बैंक कर्मचारियों से सांठ-गांठ करके फर्जी तरीके से 53 हजार का लोन ले रखा है। जिसकी वजह से महिला दर्शन देवी का उक्त कृषि भूमि पर दाखिल-खारिज भी नहीं हो पा रहा है। महिला ने बताया कि उन्होंने श्याम सुंदर से उनकी कृषि भूमि पर लिया लोन जमा करने के लिए कहा। आरोप है कि श्याम सुंदर ने लोन जमा करने से मना कर दिया। विरोध करने पर वह महिला को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# जौनपुर में नगरपालिका का एक लिपिक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**जौनपुर।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन वाराणसी की टीम ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद जौनपुर के एक लिपिक को पांच हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया।
आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जौनपुर जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के ओलन्दगंज मोहल्ले के निवासी आशुतोष अस्थाना की पत्नी रीना अस्थाना की मछलीशहर पड़ाव पर करीब एक बिस्सा जमीन है। इसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है जिसका मुकदमा न्यायालय में चल रहा है,कोर्ट से स्टे भी है।
कोर्ट में पत्रावली प्रस्तुत करने के लिए नगर पालिका का लिपिक व न्यायालय



पैरोकार संतोष राव 50 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था, मजबूर होकर आशुतोष ने दो किस्तों में 40 हजार रुपये दे चुके थे, इसके बाद भी उसने पत्रावली कोर्ट में दाखिल नहीं किया, 10 हजार रुपये और मांग रहा था।
पीड़ित ने बताया कि इससे आजिज़ आकर मैंने कल गुरुवार को एन्टी करप्शन वाराणसी से सम्पर्क किया। टीम ने 24 घंटे के भीतर मेरे सहयोग से पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए आज लिपिक को दीवानी कचेहरी के पास अम्बेडकर तिराहे से गिरफ्तार करके लाइन बाजार थाने पर ले जाकर उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। गिरफ्तार लिपि को कल शनिवार को वाराणसी की भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट में पेश किया जाएगा।
गिरफ्तार करने वाली एंटी करप्शन टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह, दरोगा राकेश बहादुर सिंह, प्रमोद कुमार,योगेंद्र कुमार,मुख्य आरक्षी शैलेंद्र कुमार राय, विनोद कुमार राय, आरक्षी आशीष शुक्ला, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अजय कुमार यादव शामिल रहे।

## भाजपा विधायक मानवेंद्र सिंह का निधन

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी के विधायक मानवेंद्र सिंह का लंबी बीमारी के चलते शुक्रवार दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। शाहजहांपुर जिले की ददरौल विधानसभा से दूसरी बार भाजपा के टिकट पर विधायक बने मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद कुमार सिंह ने यूनीवार्ता को बताया कि आज सुबह दिल्ली के आईएलबीएस अस्पताल में निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार थे। विधायक मानवेंद्र सिंह लंबे समय से कांग्रेस में रहे और 2017 में भाजपा में आए, और विधानसभा का चुनाव लड़ा। इसके बाद वर्ष 2022 में भी भाजपा की टिकट पर उन्होंने ददरौल विधानसभा से दोनों बार विजय हासिल की।

# बस्ती में गेंहू खरीद में 31 लाख का गबन, मुकदमा दर्ज

बस्ती। उत्तर प्रदेश मे बस्ती जिले के रूधौली तहसील क्षेत्र के भितेहरा साधन सहकारी समिति लिमिटेड गनवरिया कला के गेंहू क्रय केन्द्र प्रभारी के खिलाफ 31 लाख रूपया गबन करने के मामले मे रूधौली थाने मे नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया है।
पुलिस सूत्रो ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि रूधौली थाने मे नीरज कुमार कन्नौजिया सहायक विकास अधिकारी सहकारिता ने तहरीर देकर कहा है कि भितेहरा साधन सहकारी समिति लिमिटेड गनवरिया कला मे वर्ष-2022-23 गेंहू क्रय केन्द्र बनाया गया, जिसमे विजय यादव निवासी ग्राम भितेहरा पोस्ट गनवरिया कला थाना रूधौली को क्रय केन्द्र प्रभारी बनाया गया था। क्रय प्रभारी द्वारा 33 किसानों से 1500 कुण्टल गेंहू की खरीद ऑनलाइन की गयी। इस खरीद का वर्तमान मूल्य 02 हजार 138 रूपये 55 पैसे रूपये प्रति कुंटल की दर से कुल मूल्य 32 लाख 83 हजार 395 रूपये (3283395) भारतीय खाद निगम डीपो में जमा करना था जिसमे क्रय प्रभारी द्वारा जीपीएफ पास बुक खाते मे एक लाख पचास हजार रूपया जमा किया गया। शेष 31 लाख 33 हजार 3 सौ 95 रूपये को गबन कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर क्रय प्रभारी के विरूद्ध धारा 406 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच पड़ताल किया जा रहा है आगे की कार्रवाई शीघ्र की जायेगी।

## शार्ट न्यूज

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली



ललितपुर। पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड का एसपी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण किया गया। शस्त्रों की साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। यूपी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा यूपी 112 पुलिस कर्मियों को घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराया गया तथा यूपी 112 कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव मदद करें तथा परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। परिवहन शाखा,अपराध शाखा, स्टोर, भोजनालय, बैरकों,पुलिस कैंटीन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये।

### श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में अक्षत वितरण का कार्य किए राम भक्त

महेश सिंह विशाल इंडिया



**लखनऊ।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान को लेकर जनपद के मुंशी पुलिया पर लोग घर-घर जाकर अक्षत वितरण का कार्य कर रहे हैं हिंदू समाज के लोगों के द्वारा हर घर जाकर अक्षत कलश पूजन करके संपर्क अभियान शुरू किया गया। जहां हिंदू धर्म के लोगों के यहां जाकर प्रत्येक घरों पर संपर्क करके सभी राम भक्तों को पूजित अक्षत और श्री राम मंदिर का चित्र देकर प्राण प्रतिष्ठा उपरांत मंदिर दर्शन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है और लोगों से इस अभियान में जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे कोई भी हिंदू परिवार छूटने न पाए सभी के घर अक्षत पहुंचना है। इस अवसर पर सभी रामभक्त एकत्रित होकर हर हिंदू के घर पर अक्षत पहुंचाने में मौजूद रहे।

### ललितपुर में भाइयों ने चचेरे भाई की हत्या की

ललितपुर। ललितपुर में पुत्र के साथ गाली गलौज करने से मना करने पर चचेरे भाई की दो भाइयों ने मार कर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दोनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। घटना थाना बानपुर के तोर टपरियन की है। तोर टपरियन निवासी 60 वर्षीय हरीराम यादव पुत्र हरदास शाम को घर पर बैठा हुआ था। तभी हरीराम के चचेरे भाई नंदराम व ज्ञान सिंह आये और हरीराम के बड़े पुत्र देवसिंह को गाली देने लगे। जब हरीराम ने गाली गलौज करने से मना किया तो नंदराम व ज्ञान सिंह हरीराम को लात मार दी। जिससे व जमीन पर गिर पड़ा। यह देख दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। हरीराम को उठाकर परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के पुत्र की शिकायत पर दोनों आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### सर्राफा व्यापारी की सड़क हादसे में मौत

जालौन। जालौन में देर रात अपने पैतृक गांव से लौट रहे एक सर्राफा व्यापारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, सर्राफा व्यापारी खेती के सिलसिले में अपने गांव जा रहा था, जहां बाइक से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जिन्होंने मृतक की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के चुर्खी रोड स्थित ग्राम चकजगदेवपुर की है। जहां उरई कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी कुंज बिहारी (52) शहर में ही सर्राफा की दुकान किये है, जो गुरुवार देर शाम को अपने पैतृक गांव चुर्खी खेती किसानी के सिलसिले से बाइक से जा रहे थे। इस दौरान जब वो उरई चुर्खी रोड स्थित ग्राम चक जगदेपुर के पास पुल से गुजर रहे थे, तभी उनको तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल होकर बाइक सहित गिर पड़े। कुछ देर बाद उधर से गुजरे लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

जालौन। जालौन में कर्ज की मार से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। युवक शाम को बिना बताए घर से निकला था। उसका शव ट्रैक पर पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के मॉर्निंग स्टार स्कूल के पास रेलवे क्रासिंग की है। उरई के रेलवे स्टेशन रोड स्थित सिंधी कॉलोनी में रहने वाले सुनील राजदेव की घंटाघर के पास जूते चप्पल की दुकान है। जिस पर उनका लड़का 22 वर्षीय पुत्र लक्ष्य राजदेव भी बैठा करता था, जो कई लोगों से कर्ज लिए था। गुरुवार शाम को लक्ष्य राजदेव चुपचाप घर से निकल गया, मगर देर रात तक वह घर पर नहीं पहुंचा। रात होने पर जब उसका कुछ पता न चला तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की पर उसकी कोई जानकारी न हुई। लक्ष्य ने कानपुर-झांसी रेल मार्ग स्थित उरई रेलवे स्टेशन के पास मॉर्निंग स्टार स्कूल के पास ट्रेन से कटकर जान दे दी।

### 80 लाख की ड्रग्स के साथ एक तस्कर अरेस्ट

**बरेली।** बरेली पुलिस और एसटीएफ ने एक ड्रग्स तस्कर को अरेस्ट किया है। जिसके पास से पुलिस ने 80 लाख रुपये की ड्रग्स बरामद की है। इस ड्रग्स को गाड़ी के सीएनजी टैंक में छिपाकर लाया गया। अब पुलिस गिरोह के दूसरे साथी को फरार कर रही है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि इसमें पुलिस कार्रवाई कर रही है, जो भी शामिल होंगे उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। मुखबिर की सूचना पर इज्जतनगर पुलिस ने यह अरेस्टिंग की है। एसटीएफ सीओ बरेली अब्दुल कादिर ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी विजय सिंह निवासी केशवापुर पजावा थाना सोनवा जिला श्रावस्ती का रहने वाला है। यूपी व उत्तराखंड के अलग अलग स्थानों पर यह सप्लाई होनी थी। पुलिस को सूचना मिली कि नेपाल से ड्रग्स लेकर जनपद रामपुर आनी है। जहां पुलिस व एसटीएफ टीम ने आरोपी की घेराबंदी कर बृहस्पतिवार रात को रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज के सामने निकट डोहरा चौराहा के पास पकड़ लिया।

### आलू से भरा ट्रक पलटा, एक की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के बछरांवा इलाके में शुक्रवार सुबह फ्लाईओवर से आलू से भरा ट्रक पलट जाने से चालक की मौत हो गयी और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक ट्रक चालक गौरीगंज निवासी रणजीत (22) की इस सड़क हादसे में मौत हो गयी जबकि मुसाफिरखाना का रहनेवाला गयाप्रसाद (65) गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि ट्रक कानपुर से आलू लेकर के अमेठी जिले की ओर जा रही फ्लाईओवर पर पलट गया। जानकारों का कहना है कि यह फ्लाईओवर का निर्माण उचित ढंग से नही हुआ है और यहां ब्लाइंड स्पॉट भी है। यह ब्रिज एस आकार में है जिससे यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। हालांकि पुलिस का अनुमान है कि ट्रक तेज़ रफ़्तार से जा रहा था। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है।

# मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट में किसानों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल घोषित कराने सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू (टिकैत) और भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता 4 दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता शुक्रवार को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे कलक्ट्रेट पहुंचे। भाकियू टिकैत के मंडल अध्यक्ष नवीन राठी, जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा भी धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।
दोनों ही संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का कहना है कि चीनी मिलों में गन्ना पेराई आरंभ हुए कई महीने बीत गए हैं, लेकिन अब तक सरकार ने गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया है। किसान असमंजस में हैं कि उन्हें गन्ना मूल्य कितना मिलेगा। खेतों में खड़ी फसलों को बेसहारा गोवंश नष्ट कर रहे हैं। इस समस्या का समाधान कराने के लिए भी कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं की कलेक्ट्रेट में भीड़ पहुंचने की वजह से पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। कलेक्ट्रेट में पुलिस तैनात कर दी गई है।

# सहारनपुर में भाकियू ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट घेरा

## किसान बोले-गन्ना मूल्य वृद्धि घोषित करो, नहीं किसान आंदोलन को तैयार बैठा

सहारनपुर। सहारनपुर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों और किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव कर लिया। मांगों को पूरा करने के लिए सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि सरकार को गन्ना मूल्य वृद्धि घोषित कर देनी चाहिए। नहीं तो किसान आंदोलन के लिए तैयार बैठा है। किसान यदि सड़क पर आ गया तो सर्दी में गर्मी जैसा एहसास हो जाएगा।
भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और किसानों ने पहले कलेक्ट्रेट परिसर में मीटिंग की। इसके बाद किसान सड़क से होते हुए डीएम



कार्यालय पहुंच गए। किसानों ने मांगों को लेकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दूसरे प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से कमजोर कैसे हो सकते हैं? दूसरे प्रदेशों में गन्ने के दाम अलग है और यूपी में अलग। इन प्रदेशों में भी उसी गन्ने से चीनी निकलती है।
किसानों ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ को धरातल पर आकर किसानों को दर्द जानना चाहिए। किसानों ने कहा, यह वहीं किसान है जिन्होंने आपको जीताने के लिए वोटिंग मशीन भर दी थी वोट देकर। किसान का ध्यान करों। भरी ठंड और गर्मी में खेतों में काम करके फसल को अपने खून-पसीने से सींचता है। सरकार को अपनी नीति को ठीक करना चाहिए।
किसानों ने कहा, जब पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे। तब पीएम मनमोहन सिंह को चिट्?ठी लिखी थी कि यदि केंद्र में मेरी सरकार बनी तो वह एमएसपी लागू करेंगे। किसानों ने कहा कि कहां गए वह वायदे मोदी जी? उन्होंने कहा कि यूपी में जब गन्ने का रेट 450 रुपए प्रति कुंतल होगा तभी यूपी नंबर वन होगा। किसानों ने कहा कि यूपी में गन्ना मूल्य घोषित न होने, गन्ना मूल्य भुगतान, मुफ्त बिजली, आवारा पशु, भूमि अधिग्रहण व फसलों के भाव को लेकर किसान नाराज है।

# कानपुर में पुलिस कमिश्नर ने अफसरों के साथ की बैठक

**कानपुर।** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट का चार्ज संभालते ही सीनियर आईपीएस अखिल कुमार एक्शन में आ गए। उन्होंने गुरुवार रात को चार्ज संभाला और शुक्रवार सुबह समय से दफ्तर पहुंच गए। सबसे पहले उन्होंने पुलिस कमिश्नर कैंपस में बने सभी दफ्तरों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही विभागों के प्रभारियों से कार्य प्रगति को लेकर पूछताछ भी की।
पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने चार्ज संभालने के बाद शुक्रवार को भी दोनों जेसीपी, सभी डीसीपी और अलग-अलग विभाग के प्रभारियों के साथ बैठक की।
इतना ही नहीं राह चलते उन्होंने पुलिस कमिश्नर ऑफिस के पास गाड़ी रुकवाकर मोहल्ले के लोगों का फीडबैक भी लिया। रास्ते पर मिलीं महिलाओं, युवकों और दुकानदरों से बात करके उन्होंने कानपुर पुलिस की जमीनी हकीकत को जानने का प्रयास किया।
इसके बाद उन्होंने क्राइमब्रांच के दफ्तर का निरीक्षण करने पहुंचे। डीसीपी क्राइम सलमान ताज पाटिल और एडीसीपी मनीष सोनकर से साइबर क्राइम से लेकर अन्य मामलों को लेकर पूछताछ की।
इसके बाद साइबर थाने का निरीक्षण किया। साइबर थाना प्रभारी हरमीत सिंह से बात की।

## बुआ भतीजे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संभल। उत्तर प्रदेश में संभल जिले के गुन्नौर क्षेत्र में शुक्रवार को बुआ भतीजे ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि कस्बा गुन्नौर के पास एक ईंट भट्टा है, जहां मजदूरी करने वाले अनेकों परिवार भट्टा परिसर में बने आवासों में रहते हैं। आज सुबह के समय ईंट भट्टे पर काम करने वाले एक परिवार की लड़की वीना (20वर्ष) ने ईंट भट्टे के पास ही चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके थोड़े पास ही वीना के सगे भतीजे राहुल18(वर्ष) ने भी फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि वीना व राहुल के आत्महत्या कर लेने के बारे में कोई संदिग्ध बात अभी तक प्रकाश में नहीं आई है।

## कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहे लोग, तहसील परिसर में नही जल रहा अलाव

महोली/सीतापुर। इन दिनों जोरों की ठंड के चलते आमजनमानस का बुरा हाल हैं। लोग ठंड से बचने के लिये विभिन्न उपाय कर रहे हैं। इन सर्द हवाओं व कड़ाके की ठंड से बचाव के लिये बेरहम नगर पंचायत महोली सरकार के पैसे का दुरुपयोग करते



हुये अलाव जलाने के लिए गीली लकड़ियों का प्रयोग कर रहा हैं। नगर की आदर्श तहसील के परिसर में नगर पंचायत प्रशासन द्वारा लोगो को ठंड से बचाने के लिये जलाया जाने वाला अलाव अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा हैं। सरकार द्वारा आम जनमानस की सहूलियत के लिए व ठंड से बचाव के लिए लाखों रुपया खर्च कर प्रतिदिन नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के लिए नगर पंचायत के खाते में भेजें जा रहे हैं। लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते हैं नगर में एक भी अलाव ठीक ढंग से नहीं जल रहा है। इसका मुख्य कारण गीली लड़कियों का अलाव जलने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। लोगों की माने तो केवल अलाव तभी तक जलता है जब तक नगर पंचायत के कर्मचारी अपनी फोटो नहीं खींच लेते हैं। इसके बाद अलाव जलना बंद होकर बुझ जाता है। नगर के मुख्य स्थान जैसे तहसील परिसर,बड़ागांव चौराहा,बस स्टैंड,कोतवाली गेट, सामुदायिक स्वास्थ्य महोली आदि स्थानों में कहीं भी अलाव ठीक ढंग से नही जलता हैं। स्थानीय लोगो का कहना हैं कि नगर पंचायत के कर्मचारियों से सूखी लकड़ियों डालने के लिये कहने पर भी समस्या का संज्ञान नही लिया जाता हैं।

## सुलतानपुर में एक लाख का इनामी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शुक्रवार को सुलतानपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ मेंएक लाख के इनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज भोर एक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने देहात क्षेत्र में नाकाबंदी कर शातिर अपराधी विनोद उपाध्याय को ललकारा जिस पर उसने पुलिस पर फायरिंग करते हुये भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में विनोद गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिये जिला अस्पताल सुलतानपुर लाया गया जहाँ इलाज के दौरान चिकित्सको ने अपराधी को मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि शातिर अपराधी ने गोरखपुर और अयोध्या में कई जघन्य वारदात को अंजाम दिया था।

# उत्तर प्रदेश में 18 आईपीएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बड़े फेरबदल के तहत कई जिलों के पुलिस प्रमुखों समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 18 अधिकारियों का तबादला कर दिया है।
आधिकारिक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कानपुर जोन प्रशांत कुमार द्वितीय को उसी पद पर आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन में स्थानांतरित किया गया है। प्रशांत कुमार के स्थान पर डीआइजी झांसी रेंज जोगेंद्र कुमार को तैनात किया गया है।
वाराणसी रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक (डीआइजी) अखिलेश कुमार चौरसिया को इसी पद पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन में भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अलीगढ़ कलानिधि नैथानी को डीआइजी झांसी रेंज के पद पर तैनात किया गया है।
पुलिस अधीक्षक (एसपी) बलिया



एस आनंद को डीआइजी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के पद पर स्थानांतरित किया गया है, जबकि एसपी बदांयू डीआर ओपी सिंह को डीआइजी वाराणसी जोन के पद पर तैनात किया गया है। एसपी रेलवे, लखनऊ देव रंजन वर्मा को उसी पद पर बलिया स्थानांतरित किया गया है।
आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) में एसपी के रूप में तैनात अभिषेक सिंह को संजीव सुमन के स्थान पर मुजफ्फरनगर जिले का नया एसपी नियुक्त किया गया है। संजीव सुमन को एसएसपी अलीगढ़ के रूप में स्थानांतरित किया गया है। एसपी चित्रकूट वृंदा शुक्ला को प्रशांत वर्मा के स्थान पर बहराइच भेजा गया है जबकि वर्मा को एसपी रेलवे, लखनऊ नियुक्त किया गया है।
लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त अपर्णा राजय कौशिक को एसपी कासगंज के पद पर स्थानांतरित किया गया है। एसपी सिद्धार्थ नगर अभिषेक कुमार को उसी पद पर रायबरेली स्थानांतरित किया गया है।
एसपी श्रावस्ती प्राची सिंह को इसी पद पर सिद्धार्थनगर स्थानांतरित किया गया है। एसपी कासगंज सौरभ दीक्षित को एसपी फिरोजाबाद बनाया गया है। एसपी रायबरेली अशोक प्रियदर्शी को इसी पद पर बदायूं भेजा गया है। एसपी (कानून एवं व्यवस्था) डीजीपी मुख्यालय अरुण कुमार सिंह को चित्रकूट जिले का नया एसपी नियुक्त किया गया है। एसपी (स्थापना) डीजीपी मुख्यालय लखनऊ को श्रावस्ती जिले में नए एसपी के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

# पुलिस ने 24 घंटे में किया हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। बानपुर अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी राजकुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में घटना के सफल अनावरण हेतु थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना बानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 04/2024 धारा 302 भादवि में वांछित अभियुक्तों 1.



ज्ञानसिंह पुत्र लक्ष्मन यादव उम्र करीब 53 वर्ष 2. नन्दराम पुत्र लक्ष्मन यादव उम्र करीब 51 वर्ष नि0गण ग्राम टोर टपरियन थाना बानपुर जिला ललितपुर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।
घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी मुकदमा बलराम यादव पुत्र हरीराम यादव नि0 ग्राम टपरियरन थाना बानपुर जिला ललितपुर द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि दिनांक 04.01.2024 को मेरे पिताजी हरीराम पुत्र हरदास यादव उम्र करीब 60 वर्ष नि0 ग्राम टोर टपरियन थाना बानपुर अपने घर के बाहर आग से ताप रहे थे। तभी मेरे ही परिवार के 1. ज्ञानसिंह पुत्र लक्ष्मन यादव उम्र करीब 53 वर्ष 2. नन्दराम पुत्र लक्ष्मन यादव उम्र करीब 51 वर्ष नि0गण ग्राम टोर टपरियन थाना बानपुर जिला ललितपुर शराब के नशे आये और आकर मेरे पिता जी के साथ गाली गलौज करने लगे जब मेरे पिताजी द्वारा इसका विरोध किया गया तो अभियुक्तगण द्वारा मेरे पिताजी को पैर मार दिया जिससे वह जमीन पर गिर गये, जिनको अस्पताल लाया गया जहाँ डाक्टरो द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## बीमारी से पीड़ित बच्चे को कराया रक्तदान

ललितपुर। जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) की तरफ से डॉक्टर विक्की श्रीवास्तव ने किया पहली बार रक्तदान। थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित 11 वर्षीय बच्चे दिव्यांश पांडे निवासी पिसनारी ललितपुर को ग्राम डुलावन निवासी डॉक्टर विक्की श्रीवास्तव ने पहली बार किया रक्तदान जिला चिकित्सालय में थैलेसीमिया बीमारी से 11 वर्षीय बच्चा दिव्यांश पांडे जिसे हर महीने 2 से 3 यूनिट ब्लड की आवश्यकता पड़ती है। परिवार में भी हर महीने ब्लड देने वाला कोई नहीं रहता है। बच्चे के माता-पिता पिछले दो दिन से अपने बच्चे को ब्लड के लिए काफी परेशान हो रहे थे जब इस बच्चे की सूचना जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर के सदस्यों को मिली तो समिति के सदस्यों ने तत्काल थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्चे के लिए रक्तदाता डॉक्टर विक्की श्रीवास्तव निवासी डुलावन से संपर्क किया तो उन्होंने तुरंत डुलावन से ललितपुर ब्लड बैंक पहुंचकर थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्चे को रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की। इस मौके पर जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) के अध्यक्ष दीपक राठौर, कन्हैयालाल रजक, चन्दन सिंह, बलराम राज आदि मौजूद रहे।

## शराब ठेके पर महिलाओं ने की तोड़फोड़

आगरा। आगरा के थाना कागरौल क्षेत्र के एक गांव के पास मौजूद शराब के ठेके पर दर्जनों महिलाओं ने हमला बोल दिया। शराब के ठेके में रखी हुई सभी बोतलों को बाहर लाकर सड़क पर फेंक कर तोड़ दिया। काफी देर तक महिलाएं हंगामा करती रही। इसके बाद महिलाओं ने आगरा फतेहपुर सीकरी मार्ग को भी जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और किसी तरह से महिलाओं को शांत किया गया। कागरौल के गांव नगला हीरामन के बाहर कागरौल - फतेहपुर सीकरी मार्ग पर विश्वेंद्र का देशी और एक अन्य महिला का अंग्रेजी शराब का ठेका संचालित है। गांव की महिलाओं का कहना है कि गांव के पास में ठेका होने के कारण युवाओं से लेकर बुजुर्ग सभी शराब के आदी हो गए हैं। पास में ही दुकान होने के कारण सुबह से ही शराब पीने लगते हैं। महिलाओं ने बताया कि हमारे घर के पुरुष खेतों और अन्य काम की बजाय शराब पीकर घरों में मारपीट और गाली गलौज करते हैं।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु शिक्षण संस्थानों की बैठक सम्पन्न

ललितपुर। दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी, ललितपुर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, ललितपुर में आयोजित की गयी। बैठक में जनपद के दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल प्रभारी उपस्थित रहें। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, राजेश कुमार बघेल द्वारा अवगत कराया गया कि दशमोत्तर



छात्रवृत्ति योजना में 2,00,000.00 रू0 तक की आय वाले अभिभावकों के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिये छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम समय सीमा दिनांक 10.01.2024 निर्धारित है, लेकिन अभी भी समस्त पात्र छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन नहीं किया गया है। विगत वर्ष के सापेक्ष अभी भी लगभग 3053 आवेदन पत्र कम प्राप्त हुए है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ऐसे समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति के नोडल प्रभारी अधिकारियों से असंतोष व्यक्त किया गया है, जिनके यहां कुल पात्र छात्र/छात्राओं के सापेक्ष आवेदन नहीं कराये गये है।

## सबवे ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त, 20 घायल

न्यूयॉर्क । न्यूयॉर्क शहर में बृहस्पतिवार को एक सबवे ट्रेन एक अन्य ट्रेन से टकराने के बाद बेपटरी होने से 20 से अधिक लोग घायल हो गए जिससे मैनहट्टन में ट्रेन सेवाएं बाधित हो गयीं। प्राधिकारियों ने बताया कि घायलों को मामूली चोटें आयी हैं। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ट्रांजिट अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे करीब 300 यात्रियों को ले जा रही एक ट्रेन और मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) की सेवा से बाहर एक ट्रेन की 96वें स्ट्रीट स्टेशन पर भिड़ंत हो गयी। शहर के आपात प्रबंधन अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीरों में पटरी बदलने वाले क्षेत्र में यात्री ट्रेन को आंशिक रूप से पटरी से उतरे हुए देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी उपकरण की खामी के कोई संकेत नहीं मिले हैं और जांचकर्ता कोई मानवीय चूक होने की जांच कर रहे हैं। न्यूयॉर्क सिटी की पुरानी सबवे ट्रेन प्रणाली हाल के वर्षों में बिजली कटौती, सिग्नल में दिक्कत और अन्य खामियों को लेकर संघर्ष कर रही है। एमटीए हाल के वर्षों में वित्तीय समस्याओं का भी सामना कर रही है। दमकलकर्मियों ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन में से यात्रियों को निकाला और एक अन्य ट्रेन में से भी सैकड़ों लोगों को निकाला जो हादसे के कारण सुरंग में रुक गयी थी। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने बताया कि सात यात्रियों और चालक दल के एक सदस्य को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनास्थल पर पुलिस समेत आपात सेवाओं के कम से कम 20 वाहनों को देखा गया।

## खालिस्तानी समर्थकों का कैलिफोर्निया स्थित मंदिर पर हमला

कैलिफोर्निया। अमेरिका में मंदिरों को लगाताना निशाना बनाया जा रहा है। अभी एक महना भी नहीं हुआ कि कैलिफोर्निया में एक और मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। हेवर्ड में एक हिंदू मंदिर पर भारत विरोधी भित्तिचित्रों से हमला किया गया है। खालिस्तानी समर्थकों ने विजय के शेरावाली मंदिर के बाहर भारत विरोधी भित्ति चित्र लगाए हैं। खालिस्तानियों की यह करतूत कैलिफोर्निया में ही स्वामीनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना के दो सप्ताह बाद हुई है। उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी भी हुई थी। यह नवीनतम घटना संयुक्त राज्य अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर बढ़ते हमलों को दर्शाता है, जिसकी भारत ने कड़ी निंदा की है। पिछले महीने कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर की बाहरी दीवारों पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र बनाए गए थे। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बारे में जानकारी दी है। एचएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि वे मंदिर के नेताओं के साथ-साथ अल्मेडा पुलिस विभाग के साथ-साथ न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के संपर्क में हैं। पिछले महीने 23 दिसंबर की घटना में नेवार्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर हिंदू मंदिर के बाहर खालिस्तान शब्द को अन्य आपत्तिजनक भित्तिचित्रों के साथ साइनपोस्ट पर स्प्रे-पेंट किया गया था। ताजा तोड़फोड़ की घटना में भी मंदिर के बाहर साइन बोर्ड पर खालिस्तान और भारत के प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें लिखी गई हैं। इससे पहले दिसंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नेवार्क मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने तब इस पर चिंता जताते हुए कहा था कि भारत के बाहर के चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए।उन्होंने कहा था कि हमारे वाणिज्य दूतावास ने (अमेरिकी) सरकार और वहां की पुलिस के पास उसके बारे में शिकायत दर्ज कराई है। अमेरिकी सरकार ने भी उस घटना पर चिंता जताई थी।

## जापान में एक ही दिन में 155 भूकंप के झटके, 92 की मौत, 242 लापता

टोक्यो। जापान में भूकंप लगातार आ रहा है। नए साल से इसकी शुरुआत हुई जो अभी तक रुकी नहीं है। यहां अब तक 155 भूकंप आ चुके है। जिसके कारण 92 लोगों की मौत हो गई और 242 लोग लापता हो गए। जापान में पहला भूकंप 7.6 तीव्रता का रहा। पहले आई रिपोर्ट में इसे 7.4 तीव्रता का बताया गया था और बाद में 7.5 तीव्रता का। यह भूकंप जापान में इशिकावाके अनामिजु से 42 किलोमीटर नॉर्थईस्ट में आया था और इसकी गहराई 10 किलोमीटर रही। उसके बाद भूकंपों का सिलसिला शुरू हो गया और एक ही दिन में 155 भूकंप आए। इससे कई घरों, दुकानों और इमारतों को नुकसान पहुंचा है। कई सड़कों में दरारें आ गई। कई हज़ार घरों की बिजली गुल हो गई है। कई हज़ार घरों में पानी की समस्या हो गई। सुनामी का खतरा पैदा होने के साथ ही बुलेट ट्रेनों तक को रोकना पड़ गया। भूकंप की वजह से मरने वालों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। जानकारों को कहना है कि आने वाले समय में भूकंप की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## चीन के पिछलग्गू मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 12 जनवरी से चीन के दौरे पर

बीजिंग। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू आठ से 12 जनवरी तक चीन की यात्रा पर जा रहे है। चीनी विदेश मंत्रालय ने इसकी घोषणा की। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के करीबी मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत के करीबी मित्र इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराने के बाद मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। वहीं पूर्व राष्ट्रपति यामीन के 2013 से 2018 तक राष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान चीन के साथ घनिष्ठ संबंध थे, इसकारण मुइज्जू को चीन का मित्र बताया जा रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि मुइज्जू चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा कर रहे हैं। मुइज्जू के पूर्ववर्ती भारत के साथ व्यापक द्विपक्षीय संबंधों और मालदीव से निकटता को देखते हुए पहले भारत का दौरा किया करते थे, जिसके बाद चीन का नंबर आता था लेकिन हाल के दिनों में चीन ने मालदीव में कुछ प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश कर द्वीपीय राष्ट्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है।

## उत्तर कोरिया ने द.कोरिया की ओर 200 बम के गोले दागे

प्योंगयोंग । उत्तर कोरिया ने फिर से दक्षिण कोरिया पर हमला कर दिया। उत्तर कोरिया ने द.कोरिया की ओर 200 बम के गोले दागे। सियोल के रक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन कार्रवाइयों से शांति को खतरा है और वह इसका कड़ा जवाब देगा। दक्षिण कोरिया के एक गांव को हमले के बीच खाली कराया जा रहा है। दक्षिण कोरिया ने कदम की निंदा कर उकसाने वाली कार्रवाई करार दिया है। बता दें कि दोनों द्वीपों के निवासियों को खाली करने का आदेश दिया गया था, जो कि 2010 में उत्तर द्वारा द्वीपों में से एक पर गोले दागने के बाद से दोनों कोरिया के बीच सबसे गंभीर सैन्य तनाव में से एक था। शुक्रवार की लाइव फायरिंग प्योंगयांग में किम जोंग उन के शासन की ओर से बार-बार दी गई चेतावनी के बाद हुई कि वह दक्षिण कोरिया और उसके अमेरिकी सहयोगी के खिलाफ युद्ध को तैयार है। उत्तर कोरियाई सेना ने शुक्रवार सुबह लगभग बेंगनीओंग द्वीप के उत्तरी भाग में जांगसन-गोट और येओनपयोंग के उत्तरी क्षेत्रों में 200 से अधिक राउंड गोलीबारी की। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, यह एक उकसाने वाला कृत्य है जो कोरियाई प्रायद्वीप में शांति के लिए खतरा है। इसमें कहा गया है, हम कड़ी चेतावनी देते हैं कि उत्तर कोरिया इस बढ़ते संकट के लिए पूरी जिम्मेदारी लेता है और उनसे इन कार्यों को तुरंत रोकने का आग्रह करता है।

## 5 किलोमीटर पैदल चलकर अस्पताल पहुंची गर्भवती, दिया चार बच्चों को जन्म

तेल अवीव । इजरायल-हमास के बीच युद्ध का परिणाम भले ही कुछ न निकले लेकिन नागरिकों की परिस्थिति बहुत ही दर्दनाक हो चुकी है। युद्ध में सिर्फ एक देश की एक पीढ़ी नहीं बल्कि पीढ़ियां भुगतती हैं। खासतौर उन मासूमों के लिए ये और भी मुश्किल होता है, जो इस दुनिया में आए नहीं हैं। जिन दिनों महिलाओं को सबसे ज्यादा आराम की जरूरत होती है, उस हालत में महिला 5 किलोमीटर पैदल चली और बच्चों को सिजेरियन ऑपरेशन से पैदा करने के बाद तुरंत ही अगले संघर्ष के लिए तैयार हो गई। एक महिला प्रेग्नेंट थी और हालात कुछ यूं बने कि महिला को लेबर पेन की स्थिति में खुद ही पैदल चलकर अस्पताल आना पड़ा। महिला युद्ध ग्रस्त इलाके में कई मील तक पैदल चलकर अस्पताल पहुंची और 4 बच्चों को जन्म दिया। 28 साल की इमान अल मसरी के मुताबिक वहां शरणार्थी कैंप तक पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर चलीं। चूंकि प्रेग्नेंसी के चलते उनकी स्थिति बिगड़ने लगी तब वे अस्पताल चली गईं। यहां उन्होंने दो बेटियों और दो बेटों को ऑपरेशन के ज़रिये जन्म दिया। आमतौर पर सी-सेक्शन डिलीवरी के बाद महिलाओं को 3-4 दिन डॉक्टरों की निगरानी में रखा जाता है लेकिन मसरी को तुरंत ही अस्पताल छोड़ने को कह गया। चूंकि उनके एक बच्चे की हालत गंभीर थी, इसके बाद वहां तीन बच्चों को लेकर वहां से निकल गईं और अब एक शरणार्थी कैंप में रह रही हैं। वहीं उनके पति का कहना है कि वे बच्चों और पत्नी को कुछ भी नहीं दे पा रहे हैं। यहां तक कि खाने की तलाश में वे भटकते रहते हैं।



चीन में हरबिन आईस शो में बर्फ से बनी कलाकृतियों को देखते हुए लोग।

## बांग्लादेश में शेख हसीना से खफा विपक्ष ने किया चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान

ढाका। बांग्लादेश में इसी माह यानी 7 जनवरी को आम चुनाव होने जा रहे है। इस चुनाव में ज्यादातर विपक्षी नेता नाराज है। उनका आरोप है कि आवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना सरकार फर्जी चुनाव करा रही है। यही वजह है कि अधिकांश नेताओं ने चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उनका आरोप है कि शेख हसीना को चीन, रुस और भारत का समर्थन मिल रहा है।



आवामी लीग चौथी मर्तबा जीत के लिए बेकरार है। और अगर कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो मुमकिन है कि वो ये चुनाव जीत भी जाए। सबसे दिलचस्प घटनाक्रम यह है कि इस चुनाव में शेख हसीना को रूस, चीन और भारत का साथ मिल रहा है। अमेरिका ने वीजा पाबंदी की धमकी दे रखी है। अमेरिका का कहना है कि अगर चुनाव पारदर्शी तरीके से नहीं हुए तो वह बांग्लादेश के अधिकारियों या फिर शेख हसीना के करीबियों के वीजा पर बैन लगा देगा।बांग्लादेश में कुल 300 सीटें हैं। पिछले चुनाव में आवामी लीग, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जातीयो पार्टी चुनाव बाद सबसे बड़े राजनीतिक दल के तौर पर उभरे थे। 300 में से 290 सीटें इन्हें ही मिली थीं। लेकिन इस बार मुख्य प्रदिद्वंदी बीएनपी ने पूरी तरह चुनाव का बहिष्कार किया है। सवाल है कि आखिर शेख हसीना ने इस बार बांग्लादेश में ऐसा क्या कर दिया कि विपक्ष चुनाव ही नहीं लड़ना चाहता।

# अमेरिका के स्कूल में फायरिंग एक की मौत कई हुए घायल

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** एक हमलावर गुरुवार तड़के के पेरी हाई स्कूल पर हमला कर दिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू की दी। फायरिंग की घटना के बाद कई जांच एजेंसियां सुबह करीब 9 बजे हाई स्कूल पहुंच गईं। फायरिंग की घटना के बारे में डलास काउंटी शेरिफ ऑफिस की ओर से पुष्टि की गई है कि फायरिंग की घटना की जांच चल रही है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि कोई हताहत हुआ है या नहीं। हालांकि खबरों के मुताबिक, फायरिंग की घटना में 2 लोग घायल हुए हैं, जिसमें 2 छात्र और एक स्कूल प्रशासक शामिल हैं। घायलों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है। हमलावर ने खुद को गोली मारकर अपनी जान दे दी है।



शीतकालीन अवकाश के बाद दूसरे सेमेस्टर के पहले ही दिन फायरिंग की यह घटना सामने आई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडेन भी घटना पर लगातार नजर रख रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारी आयोवा के गवर्नर ऑफिस के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। यह हाई स्कूल पेरी कम्युनिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट का हिस्सा है, जहां 1,785 छात्र पढ़ाई करते हैं। खबरों के मुताबिक फायरिंग की घटना के बाद स्कूल के बाहर कई कानून प्रवर्तन से जुड़ी कई गाड़ियां और एम्बुलेंस बाहर खड़ी देखी गईं। आयोवा के एनबीसी सहयोगी डब्ल्यूएचओ की डेस मोइनेस की ओर से घटना के बारे में बताया गया है कि फायरिंग की घटना के बारे में पहली जानकारी स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:40 बजे आई थी। जिसके बाद मिडल स्कूल को खाली करा दिया गया और फिर प्राइमरी स्कूल को भी खाली करा लिया गया और सुबह 8.32 बजे तक छुट्टी कर दी गई।

फायरिंग की यह घटना ऐसे समय हुई है जब 11 दिन बाद 15 जनवरी से अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदारी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जिसके तहत आयोवा राज्य में राज्य स्तर पर रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की प्राइमरी लेवल की प्रक्रिया शुरू होगी. दूसरी ओर, रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी, जो गुरुवार को पेरी में ही अपने एक चुनावी अभियान कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे थे, ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आयोवा में आज सुबह, पेरी के समुदाय के लिए प्रार्थना करें।

इस बीच, पेरी कम्युनिटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट की बोर्ड अध्यक्ष लिंडा एंडोर्फ ने इस घटना को बेहद ही घृणित करार दिया। उन्होंने कहा, यह बेहद खतरनाक है। लोगों को अपने जीवन के बारे में सोचने की जरूरत है। यह बहुत ही घृणित है। डलास काउंटी के शेरिफ एडम इन्फैंट ने कहा कि फायरिंग जिस समय शुरू हुई तब स्कूल शुरू नहीं हुआ था। यह अच्छी बात है कि तब बिल्डिंग में बहुत कम छात्र और टीचर्स थे। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:37 बजे, अधिकारियों को हाई स्कूल में शूटिंग की घटना के बारे में सतर्क किया गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह तुरंत साफ नहीं हो सका है कि हमले में कितने लोग घायल हुए हैं।

## आंतकी संगठन अल-कायदा के निशाने पर अमेरिकी कारोबारी

**- एलन मस्क, बिल गेट्स, और सत्या नडेला का नाम**

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** आतंकवादी संगठन अल-कायदा ने इजरायल-हमास युद्ध पर अमेरिकी रुख को लेकर बड़े बिजनेसमैनों, एलन मस्क, बिल गेट्स, और सत्या नडेला को निशाना बनाने और अमेरिकी इकोनॉमी को धमकी देने का आरोप लगाया है। आतंकी संगठन ने अपने समर्थकों से अमेरिका, ब्रिटेन, और फ्रांसीसी कंपनियों द्वारा संचालित की जा रही उड़ानों पर हमला करने की अपील की है।



इसमें अमेरिकन एयरलाइंस, कॉन्टिनेंटल, डेल्टा, ब्रिटिश एयरवेज, एयर फ्रांस, और एयर फ्रांस-केएलएम शामिल हैं। अल-कायदा की मीडिया शाखा अल-मालाहेम ने कहा है कि यह धमकी उसके आतंकवादी हमलेवारों को बढ़ावा देने के लिए है, क्योंकि वे अमेरिका और इजरायल के गाजा में किए जा रहे हमलों का समर्थन कर रहे हैं, जिसमें 20,000 से ज्यादा लोगों की मौके पर मौत हो चुकी है। आंतकी संगठन ने फिलिस्तीन के समर्थन में ओपन-सोर्स जिहाद की अपील की है और वैश्विक स्तर पर महत्वाकांक्षी मुजाहिदीन के लिए रसोई सामग्री का इस्तेमाल कर एडवांस्ड बम बनाने पर मार्गदर्शिका प्रदान की है।

आतंकी संगठन के निशाने पर एलन मस्क, बिल गेट्स, और पूर्व अमेरिकी फेडरल रिजर्व अध्यक्ष बेन बर्नानके हैं। बर्नानके का अमेरिकी अर्थव्यवस्था-शेयर बाजार में अच्छा प्रभाव है और वह एक यहूदी हैं, जिसे इस संगठन के लोगों ने निशाना बनाया हैं। वीडियो में, आतंकी संगठन ने माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स के कार्यकाल के दौरान का पुराना भाषण दिखाया गया है और इसके साथ ही भारतीय मूल के वर्तमान सीईओ सत्या नडेला और पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर को भी निशाना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

धमकी भरे वीडियो को अल-कायदा की मीडिया शाखा अल मालाहेम मीडिया ने 31 दिसंबर को फिलिस्तीन की स्थिति को बहाल करने के तरीके के रूप में प्रकाशित किया था। उन्होंने इसमें अमेरिकी युद्ध मशीन पर इस्लामी दुनिया में तबाही मचाने का आरोप लगाया और अमेरिकी, ब्रिटिश, फ्रांसीसी, और यूरोपीय मुसलमानों से इसका बदला लेने का आह्वान किया है। इसके साथ ही, अल-कायदा ने ओपन सोर्स जिहाद अभियान के माध्यम से मुसलमानों को लुभाने और उन्हें विस्फोटक बनाने के लिए आवश्यक ट्रेनिंग देने का उद्दीपन किया है।

## जयशंकर ने किया पशुपतिनाथ के दर्शन

काठमांडू । नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन करने शुक्रवार को पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूजा-अर्चना की। जयशंकर 2024 में विदेश की पहली यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे। उन्होंने यात्रा के दूसरे दिन देश में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत करने से पहले सुबह-सुबह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन किए। काठमांडू के पूर्वी बाहरी भाग में पवित्र बागमती नदी के किनारे स्थित पशुपतिनाथ नेपाल में सबसे प्रसिद्ध हिंदू मंदिर है।दुनियाभर से हजारों हिंदू श्रद्धालु इस मंदिर के दर्शन करने आते हैं। सदियों पुराना यह मंदिर हिंदू देवता शिव को समर्पित हैं और वह पशुओं के संरक्षक पशुपति के अपने अवतार में यहां विराजमान हैं।

## ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव में आईएसआईएस की हुई इंट्री

**-सुलेमानी की कब्र पर हुए हमले की ली जिम्मेदारी**

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान और इराक के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा है। इसी बीच ईरान के जनरल रहे कासिम सुलेमानी की कब्र पर हमला हुआ। जिसकी जिम्मेदारी आईएसआईएस यानी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया ने ली है। इसका मतलब है कि दोनों देशों के बीच चल रहे टेंशन में अब आईएसआईएस की इंट्री हो गई है।बुधवार को हुए दो बम धमाकों में करीब 200 ईरानी लोगों की जान जा चुकी है। अमेरिकी ने भी घटना की जानकारी के आधार पर कहा था कि इसके पीछे आईएसआईएस का हाथ हो सकता है। शुरुआत में शक की सुई इजराइल की ओर जा रही थी। जिसके बाद ईरान और इजराइल में तनाव बढ़ने की बात होने लगी थी। ईरान हालांकि इस हमले के लिए अब तक अमेरिका ओर उसके रक्षा सहयोगी इजराइल को ही दोषी मान रहा है। यूरोपीय यूनियन समेत और कई ने इस हमले को आतंकवादी हमला कहा था। 1979 में ईरान में हुए इस्लामिक क्रांति के बाद से यह अब तक का सबसे बड़ा हमला है। आईएसआईएस के मीडिया विंग अल फुरकान ने जिम्मेदारी की बात कबूली है। जानकारी के मुताबिक दोनों हमलावर भाई थे। इस हमले को लेकर ईरान के आंतरिक मंत्री कह चुके हैं हमलों के बीच का अंतर काफी कम था। पहला हमला होने के बाद जब लोग घायल और हताहत लोगों की जान बचाने के लिए आगे बढ़ रहे थे। ठीक तभी दूसरा हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरा बम धमाका पहले की तुलना में ज्यादा घातक था।

## कड़ाके की ठंड पड़ रही...पाकिस्तान में फिर टलेंगे आम चुनाव, सीनेट ने इस प्रस्ताव को दी मंजूरी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में एक बड़ा मजाक होने वाला है। पाकिस्तान की सेना और सरकार वर्तमान हालात में चुनाव कराने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान की सीनेट ने प्रस्ताव पास किया है, जिससे की 8 फरवरी को होने वाले चुनाव को टाला जाए। पाकिस्तान की सेना और आईएसआई फिक्स कर रही है। विरोधी पार्टी के नेता या तो पार्टी छोड़ कर भाग रहे हैं या मजबूर किए जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आप उदाहरण के रूप में ले सकते हैं। वहीं सुरक्षा हालात भी पाकिस्तान के ठीक नहीं है। सेना के कई सिपाही आए दिन मारे जा रहे हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनवा के इलाके में ऐसे हालात हैं।



सदन में मौजूद सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी ने इस कदम का विरोध किया। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इसलिए उन क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी असहनीय है। कानून व्यवस्था की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए सीनेटर दिलावर ने कहा कि मोहसिन डावर और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के सदस्यों पर हमले किए गए। उन्होंने कहा, यहां तक कि बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी सुरक्षा बलों पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि एएनपी नेता ऐमल वली को भी चुनाव पर आपत्ति है।

सीनेटर ने कहा कि चुनावी रैलियों के दौरान खुफिया एजेंसियों द्वारा खतरे की चेतावनी भी जारी की गई थी। सीनेट का कहना है कि बाधाओं को दूर किए बिना चुनाव नहीं होने चाहिए, इसलिए 8 फरवरी के चुनाव को स्थगित कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) को चुनाव स्थगित करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सीनेट को चुनावी निकाय पर भरोसा है।

## अब वर्चुअल वर्ल्ड में भी हुआ गैंगरेप, आभासी दुनिया में कैसे घूम रहे हैं रेपिस्ट, क्या हैं कानून

**लंदन (एजेंसी)।** देश दुनिया तो छोड़िए आभासी दुनिया में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। वर्चुअल वर्ल्ड में रेप की घटनाओं के बाद अब ये सवाल उठना ज्यादा ही लाजिमी हो गया है कि क्या ऐसी कोई जगह है, जहां महिलाएं और लड़कियां सुरक्षित हैं? दुनियाभर में वर्चुअल वर्ल्ड में रेप, गैंगरेप और यौन हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हाल में ब्रिटेन में 16 साल की एक लड़की के साथ वर्चुअल गैंगरेप की घटना सामने आई है। ब्रिटिश पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्रिटेन में ये इस तरह का पहला मामला दर्ज किया गया है। घटना में अजनबियों के एक समूह ने 16 साल की किशोरी के साथ वर्चुअल रियलिटी वीडियो गेम में गैंगरेप किया। पुलिस के मुताबिक, लड़की को ठीक उसी तरह का मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक आघात हुआ है, जैसा वास्तविक दुनिया में गैंगरेप का शिकार महिला को होता है। दरअसल, वर्चुअल रियालिटी वीडियो गेम्स में लोगों को ऐसा महसूस होता है, जैसे वे खुद उसका हिस्सा हैं। ऐसे में वीआर में होने वाली घटनाओं का उनके दिमाग पर पूरा असर होता है।

ब्रिटिश पुलिस का कहना है कि पीड़ित पर भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक असर होता है, जो किसी भी शारीरिक चोट के मुमाबले लंबे समय तक असर करता है। यह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने कई नई चुनौतियां खड़ी कर रहा है। दरअसल, ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए अभी कोई कानून नहीं है। डेली मेल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्चुअल रेप मेटावर्स में ऑनलाइन होने वाला यौन शोषण है। हालांकि, इसमें कोई शारीरिक हमला नहीं होता है, लेकिन इससे मनोवैज्ञानिक आघात होने और पीड़ित के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने की आशंका बनी रहती है। बेशक ये ब्रिटेन का ऐसा पहला मामला है, लेकिन यह वर्चुअल वर्ल्ड में नया या पहला मामला नहीं है।ब्रिटेन में वर्चुअल वर्ल्ड में यौन अपराधों के लिए कोई मुकदमा नहीं चलाया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा कानून में मेटावर्स में रेप को शामिल करने की उम्मीद भी नहीं है। दरअसल, यौन अपराध अधिनियम में यौन उत्पीड़न को किसी व्यक्ति की सहमति के बिना शारीरिक स्पर्श के तौर पर परिभाषित किया गया है। ब्रिटेन के गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा कि ब्रिटेन की किशोरों ने गैंगरेप का अनुभव किया है। लिहाजा, उन्होंने मामले में जांच का समर्थन किया था। दुनियाभर के विशेषज्ञ चिंतित हैं कि वर्चुअल स्पेस यौन अपराधियों का केंद्र बन सकता है। लिहाजा, वे सभी देशों की सरकारों से कानूनों में जल्द संशोधन की मांग कर रहे हैं।



# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, इन 3 भारतीयों ने पाया नोमिनेशन


**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नोमिनेट क्रिकेटरों की घोषणा कर दी है। भारतीय प्रशंसकों के लिए खुशी की बात यह है कि 3 भारतीयों ने अंतिम कट में जगह बना ली है। यह भारतीय हैं- विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद शमी। इसके अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल भी प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। सभी क्रिकेटरों के लिए 2023 सीजन यादगार रहा। कोहली, गिल और मिशेल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया तो वहीं, मोहम्मद शमी ने अपनी गेंदबाजी कौशल का जादू दिखाया। ऐसे में यह रेस रोचक हो गई है।

विश्व कप में शमी के प्रभावशाली प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 7/57 का शानदार रिकॉर्ड था। शमी ने आईसीसी विश्व कप 2023 में सिर्फ 8 पारियों में 24 विकेट लिए और टूर्नामेंट को अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त किया। गिल की बात करें तो उन्होंने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को 44.25 की औसत से कुल 354 रनों के साथ समाप्त किया। बहरहाल, उनके लिए यह साल बहुत अच्छा रहा क्योंकि वह साल 2023 को सभी प्रारूपों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

विराट कोहली के लिए 2023 उल्लेखनीय रहा, जहां उन्होंने वनडे में शीर्ष स्थान हासिल किया और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। विश्व कप के दौरान कोहली अपनी 11 पारियों में 765 रन बनाने में सफल रहे। यह विश्व कप में किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। सचिन तेंदुलकर ने इससे पहले 2003 विश्व कप में 673 रन बनाए थे। वहीं, डेरिल मिशेल के लिए वनडे में 2023 का साल शानदार रहा, उन्होंने 1204 रन बनाए, जो इस प्रारूप में एक कैलेंडर वर्ष में न्यूजीलैंड के किसी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है।



# ब्रिसबेन इंटरनेशल : सबालेंका लगातार 14वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में, हमवतन अजारेंका से होगा सामना



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ब्रिसबेन -ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की।

सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया।

सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे। इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# आईसीसी मैच रैफरी अधिक तटस्थ रवैया अपनायें : रोहित

**सिडनी (एजेंसी)।** केप टाउन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने केपटाऊन की पिच के उछाल को लेकर कहा कि अगर भारत में ऐसा होता तो अभी तक कई लोग सवाल उठा देते और आलोचनाओं का दौर शुरु हो जाता। वहीं अब कोई कुछ नहीं कह रहा है। रोहिन ने इसके साथ ही आईसीसी मैच रैफरी से कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप के बाहर की पिचों की रेटिंग को लेकर अधिक तटस्थ रवैया भी अननाया जाये। पिच के जबरदस्त उछाल के कारण ही रोहित की बांह पर एक बाउंसर लगने से सूजन भी आ गई थी। उन्होंने कहा कि वह विदेशों में तीखी पिच के पक्ष में हैं पर केवल तभी जब पहले ही दिन के पहले घंटे में पिच से टर्न मिलने पर लोग दोहरा रवैया नहीं अपनाएं। रोहित ने कहा कि हम सभी ने देखा कि इस टेस्ट में क्या हुआ और पिच कैसा खेल रही थी। मुझे इस तरह की पिचों पर खेलने में कोई परेशानी नहीं है। जब तक कि हर कोई भारत आने पर पिचों को लेकर गैरजरुरी बयानबाजी न करे। साथ ही कहा कि जब वे भारत आते हैं तो वह भी चुनौतीपूर्ण होता है। उनका मानना है कि अब समय आ गया है कि लोग यह समझें कि जहां तक पिचों का सवाल है तो हर देश का अपना चरित्र होता है। रोहित ने कहा कि जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए यहां आते हैं तो आप टेस्ट क्रिकेट को सर्वोच्च पुरस्कार और शिखर के बारे में बात



करते हैं और फिर आपको इस पर बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपको इसका सामना करना चाहिए। भारत में पहले दिन पिच टर्न लेना शुरू करती है और वे उसे धूल का गुबार बोलना शुरू कर देते हैं। रोहित का मानना है कि आईसीसी पैनल में शामिल रैफरी को 'तटस्थ होना चाहिए। रोहित ने आक्रामक होते हुए कहा कि तटस्थ रहना महत्वपूर्ण है, विशेषकर मैच रैफरी का। कुछ मैच रैफरी को इस बात पर नजर रखने की जरूरत है कि वे पिचों का मूल्यांकन कैसे करते हैं। अहमदाबाद में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच के लिए आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट का 'औसत रेटिंग देना भी रोहित और उनकी टीम को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, ''मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि विश्व कप फाइनल की पिच को 'औसत से नीचे की रेटिंग दी गई थी। वह खराब पिच कैसे हो सकती है? आईसीसी और रैफरी को इस पर गौर करना शुरू करना होगा।

# आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, महिला खिलाड़ियों की सूची में कोई भारतीय शामिल नहीं



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए सूची जारी की है। ऑस्ट्रेलिया की स्टार आलराउंडर एशले गार्डनर और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर आईसीसी के साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं लेकिन इस सूची में कोई भारतीय खिलाड़ी मौजूद नहीं है।

गार्डनर और केर के अलावा इस सूची में इंग्लैंड की अनुभवी आल राउंडर नैट साइवर ब्रंट और श्रीलंका की चामारी अटापट्टू भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की गुरुवार को जारी सूची में 50 ओवर के प्रारूप में चार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

इससे पहले आईसीसी ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नोमिनेट क्रिकेटरों की घोषणा की। इसमें 3 भारतीयों ने अंतिम कट में जगह बनाई जिसमें विराट कोहली, शुभमन गिल और मोहम्मद शमी शामिल हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल भी प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने गए चार खिलाड़ियों में से एक हैं। सभी क्रिकेटरों के लिए 2023 सीजन यादगार रहा।

# हेजलवुड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिय ने तीसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा

**–पाक ने दूसरी पारी में 68 रन पर ही सात 7 विकेट खोये**





**सिडनी (एजेंसी)।** जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पाकिस्तान टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। दूसरी पारी में पाक बल्लेबाजों ने एक प्रकार से मेजबान गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिये। पाक टीम ने अपनी दूसरी पारी में 68 रनों के अंदर ही सात विकेट खो दिये। हेजलवुड ने गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत करते हुए 4 पाक बल्लेबाजों का आउट कर दिया। इसके साथ ही इस मैच में भी मेजबान टीम ने शिकंजा कस दिया है। दूसरी पारी में पाक के चार बल्लेबाज शून्य पर ही आउट हो गये। इस मैच में पाक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 313 रन बनाए थे। इसके बाद कंगारुओं को 299 पर आउट कर पहली पारी में 14 रन की बढ़त ले ली थी। इससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ था पर दूसरी पारी में उसके बल्लेबाजों ने पानी फेर दिया। पाक ने दूसरी पारी में खाता खोले बिना ही अपना पहला विकेट खो दिया। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक शून्य पर ही आउट हो गये। इसके बाद एक के बाद एक खिलाड़ी पेवेलियन लौटने गये। तीसरे नंबर पर आए कप्तान शान मसूद भी खाता नहीं खोल सके। वहीं अपना पहला मैच खेल रहे सैम अयूब 33 ने बाबर आजम 23 के साथ मिलकर पारी संभालने का प्रयास किया पर ये दोनो भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये। सउद शकील 2 रन जबकि साजिद खान और आगा सलमान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इस प्रकार तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने 68 रन पर ही अपने सात 7 विकेट खो दिये। इसमें से 4 जोश हेजलवुड के नाम रहे। अब टीम की उम्मीदें मोहम्मद रिजवान और आमिर जमाल पर लगी हैं।

# युकी भांबरी–रॉबिन हासे की जोड़ी ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची

खेल डैस्क । भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7–6 (5), 7–6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भांबरी–हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। पिछले साल 31 साल के भांबरी ने मार्लोका चैम्पियनशिप युगल प्रतियोगिता में पहला एटीपी खिताब जीता था। दिल्ली के इस खिलाड़ी ने इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस के साथ जोड़ी बनायी थी।



# बुमराह ने इमरान का रिकार्ड तोड़ा

केपटाउन । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में छह विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने इसी के साथ ही पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान का एक रिकार्ड तोड़ दिया। बुमराह ने इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में विकेट लेने के मामले में इमरान को पीछे छोड़ दिया। बुमराह के अब इन देशों के खिलाफ 113 विकेट हो गए हैं जबकि इमरान के 109 विकेट थे। इस सूची में सबसे ज्यादा पाकिस्तान के ही दिग्गज वसीम अकरम के 146 विकेट हैं। वहीं दूसरे नंबर पर भारत के अनिल कुंबले के नाम 141 जबकि भारत के ही अनुभवी तेज गेंदबाज ईशान शर्मा के नाम 130 विकेट हैं। इस प्रकार वह भारतीय गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। दूसरे टेस्ट मे भारत की जीत में बुमराह ने अहम भूमिका लगाई। दूसरी पारी में उनकी गेंदबाजी ने मैच को पूरी तरह से भारत की ओर मोड़ दिया। बुमराह के इस प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम सीरीज बराबर करने में सफल रही। इस दूसरे टेस्ट में जी के साथ ही भारतीय टीम को केपटाउन मैदान पर पहली जीत मिली। दो टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में मेजबान टीम के कप्तान डीन एल्गर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया पर उनकी टीम पहली पारी में 55 जबकि दूसरी पारी में 176 रन ही बना पाई। इसके बाद जीत के लिए मिले 79 रनों के लक्ष्य का भारतीय टीम ने तीन विकेट पर हासिल कर लिया। दूसरी पारी में बुमराह ने एक के बाद छह विकेट लेकर मेजबानों का सीरीज जीत का सपना तोड़ दिया।



# रोहित और विराट की अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में हो सकती है वापसी

**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दो दिनों के अंदर ही समाप्त होने का लाभ भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को मिल सकता है। इन दोनो को ही अब अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज में अवसर मिल सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने अब तक भारतीय टीम की घोषणा नहीं की है। इसका कारण है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच 3 से 7 जनवरी तक खेला जाना था। ऐसे में





. अफगानिस्तान के साथ होने वाली इस सीरीज में सीनियर खिलाड़ियों का खेलना असंभव नजर आ रहा था पर केपटाउन टेस्ट के जल्दी समाप्त होने के बाद अब चयनकर्ता सीनियर खिलाड़ियों के नाम पर भी विचार कर सकते हैं। गौरतल है कि साल 2022 में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप के बाद से रोहित और विराट ने अब तक इस प्रारुप में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है पर अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में इन दोनों ही की वापसी हो सकती है। 11 जनवरी से 17 जनवरी के बीच यह टी20 सीरीज खेली जाएगी। इससे आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले इन दोनों ही खिलाड़ियों को अभ्यास का अवसर मिल जाएगा। रोहित ने पिछले दो साल से टी20 अंतराष्ट्री नहीं खेला।

# फीडे जनवरी शतरंज रेटिंग : आनंद फिर बने भारत के नंबर एक खिलाड़ी



नई दिल्ली । विश्व शतरंज संघ द्वारा 1 जनवरी को जारी रेटिंग लिस्ट में भारतीय खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद पुनः 2748 रेटिंग के साथ देश के नंबर एक खिलाड़ी है जबकि उनके बाद प्रज्ञानन्दा (2743), विदित गुजराती (2742), अर्जुन एरिगासी (2738), डी गुकेश (2725), पेंटाला हरीकृष्णा (2704), एसएल नारायनन (2694), निहाल सरीन (2693), अरविंद चितांबतम (2662), रौनक साधवानी (2654) और अभिमन्यु पौराणिक (2645) अंको के साथ विश्व के टॉप 100 खिलाड़ियों में शामिल है वहीं महिला खिलाड़ियों में कोनेरु हम्पी 2554 अंको शीर्ष भारतीय खिलाड़ी बनी हुई है उनके बाद हरिका द्रोणावल्ली (2500), वैशाली आर (2481), वेलपुला सरायु (2444) और दिव्या देशमुख (2420) रेटिंग के साथ विश्व की शीर्ष 50 खिलाड़ियों में शामिल है । भारत नें इसके साथ ही पुरुष, महिला और मिश्रित वर्ग में विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान बरकरार रखा है ।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे से सीखने को मिला : यशस्वी

**–रोहित ने सकारात्मक रुख रखने कहा**

**केप टाउन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने माना है कि मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई सीरीज चुनौतीपूर्ण थी पर इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा ने सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने में उनकी सहायता की। यशस्वी यहां सफल नहीं रहे और चार पारियों में केवल 50 रन ही बना पाये। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान 23 गेंद में 28 रन की तेज पारी खेलने वाले इस युवा बल्लेबाज ने कहा, 'रोहित मुझे सकारात्मक बने रहने और नई गेंद के खिलाफ तेजी से रन की बात कहते रहे है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अच्छी शुरुआत देना चाहता था और मेरे दिमाग में यही सब था क्योंकि हमें मैच जीतना था। पिछली तीन पारियों में और इस पारी में भी मैंने यही किया।

इस खिलाड़ी के अनुसार उछाल और पिच से मिलने वाली मूवमेंट से निपटने के लिए उन्हें सुधार करने की जरूरत है। जयसवाल ने कहा, 'हां, यह दौरा मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा है। अलग हालात और हर मायने में यह एक सुखद अनुभवी रहा है। उन सुधारों के बारे में सीखा जो मुझे करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'यहां गेंद अलग तरह से आती है और मैंने अपना सब कुछ देने की कोशिश की लेकिन मैं स्वीकार करता हूं कि चुनौतियां थीं। यह अनुभव मुझे अच्छी स्थिति में रखेगा क्योंकि मैं सीख रहा हूं और अगली श्रृंखला के दौरान सुधार करने का प्रयास



करूंगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में 25 जनवरी से शुरू होने वाली आगामी टेस्ट श्रृंखला में बल्लेबाजी की अपनी आक्रामक शैली बरकरार रखेंगे तो जायसवाल ने कहा, 'ऐसी कोई विशेष शैली नहीं है जिसका मैं पालन करना चाहता हूं और ऐसा नहीं है कि मेरा खेल केवल आक्रामक है। मैं टीम की जरूरत के अनुसार अपना खेल बदल सकता हूं।

# दीपा ने सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक में जीते तीन पदक

भुवनेश्वर । त्रिपुरा की ओर से उतरी स्टार खिलाड़ी दीपा कर्माकर ने यहां शानदार वापसी करते हुए सीनियर नेशनल जिम्नास्टिक में तीन पदक जीते हैं। दीपा ने कलिंगा स्टेडियम में नवनिर्मित जिमनास्टिक सेंटर में महिलाओं की प्रतियोगिता में ऑल-अराउंड में स्वर्ण, वॉल्ट में रजत और अनइवेन बार्स में भी रजत जीता। दीपा सर्जरी और प्रतिबंध के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहीं थी। अब उनका लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में पदक जीतना है। दीपा के अलावा प्रणति दास, प्रणति नायक, राकेश पात्रा और गौरव कुमार ने भी इस प्रतियोगित में पदक जीते। रेलवे की प्रणति ने ऑल-अराउंड महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रहने के अलावा दो स्वर्ण अनइवेन बार्स और फ्लोर एक्सरसाइज में जीते। वहीं उनकी टीम के साथी प्रणति नायक ने वॉल्ट में स्वर्ण और बैलेंस बीम में कांस्य पदक जीते। वहीं ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने दो स्वर्ण ऑल-अराउंड और रिंग्स में जीते। वहीं पैरेलल बार्स में उन्होने रजत और हॉरिजॉन्टल बार स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। इसके अलावा सर्विसेज के गौरव कुमार को भी चार पदक मिले। इसमें ऑल-अराउंड में कांस्य, फ्लोर एक्सरसाइज में स्वर्ण और पैरेलल बार्स और हॉरिजॉन्टल बार्स में दो रजत पदक शामिल हैं। वहीं रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा को तीन पदक मिले। वह ऑल-अराउंड में दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा वॉल्ट में उन्होंने स्वर्ण और पॉमेल हॉर्स में रजत पदक हासिल किया।

# भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पुनिया का बयान, कहा- 'ओलंपिक क्वालीफायर हमारे लिए करो या मरो का मुकाबला'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन रांची में 16 से 19 जनवरी तक किया जाएगा। जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश टॉप तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। वहीं भारतीय महिला हॉकी कप्तान सविता पुनिया का मानना है कि, ओलंपिक क्वालीफायर उनकी टीम के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला होगा।

दरअसल, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है और उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी।

हॉकी इंडिया की प्रेस रिलीज में सविता ने कहा, ''टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद।'' उन्होंने कहा, ''हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।''

टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को पूल ए में रखा गया है जबकि मेजबान भारत अमेरिका, न्यूजीलैंड और इटली के साथ पूल बी में है।


भारत की उप कप्तान निक्की प्रधान ने कहा, ''टीम की हर सदस्य ओलंपिक खेलों में भाग लेना चाहती है। यह उनका सपना है और इस सप्ताह की शुरुआत में रांची पहुंचने के बाद हमने मैदान पर कुछ अच्छे ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया है।'' भारत अपने शुरुआती मैच में 13 जनवरी को अमेरिका से भिड़ेगा। उसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद भारत 16 जनवरी को इटली से खेलेगा। सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को होगा।



# मैडिसन कीज कंधे की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटी

वॉशिंगटन - अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज ने कहा कि वह कंधे की चोट के कारण आगामी ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेल पाएंगी। कीज ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी। कीज ने एक्स पर पोस्ट किया, 'सभी को नमस्कार...दुर्भाग्य से मैं कंधे की चोट से जूझ रही हूं और मेरे मेडिकल स्टाफ ने मुझे इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की सलाह दी है। यह स्पष्ट रूप से टेनिस सत्र शुरू करने के लिए अच्छी खबर नहीं है, लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि मैं अपने शरीर के लिए सही विकल्प चुन रही हूं।' कीज आखिरी बार सत्र के अंत में कोर्ट पर थीं। उन्होंने झुहाई में डब्ल्यूटीए एलीट ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया था। वह राउंड-रॉबिन चरण में हार गईं।

# सर्दियों में महत्वपूर्ण है मटर की फसल



भारत में सर्दियों के मौसम में उगायी जाने वाली फसलों में मटर का महत्वपूर्ण स्थान है। इसमें न केवल प्रोटीन तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं वरन इसमें विटामिन, फॉस्फोरस तथा लौह तत्व भी काफी मात्रा में उपलब्ध होते हैं। देश भर में इसकी खेती व्यापारिक स्तर पर की जाती है। उत्तर भारत की पहाड़ियों में मटर की ग्रीष्म और पतझड़ ऋतु की फसलें भी उगायी जाती हैं और इन मौसमों में उगायी गई मटर का कुछ भाग अप्रैल से नवम्बर के महीनों में मैदानी इलकों में भी उपलब्ध रहता है।

## जलवायु और मिट्टी

मटर को हल्की बलुई दोमट से लेकर मटियार दोमट तक की विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में उगाया जा सकता है। हालांकि मटर के लिए उपयुक्त भूमि अच्छे जल निकास वाली दोमट मिट्टी होती है। किन्तु क्षारीय मिट्टी में इसकी पैदावार अच्छी नहीं होती है। मटर के लिए सबसे उपयुक्त पी. एच. मान 6.0 से 7.5 होती है।

मटर के लिए ठंडी जलवायु की आवश्यकता होती है और ग्रीष्म ऋतु के दौरान भारी गर्मी पड़ने पर इसकी फसल अच्छी नहीं होती है। यह मौसम झुर्रीदार बीज वाली किस्मों के लिए बिल्कुल अनुपयुक्त है। जब फ़सल पर्याप्त ठंडी जलवायु में पकती है तब हरी फलियों की पैदावार अधिक होती है। इसके फूल और फलियां पाले से अधिक प्रभावित होती है। हालांकि पाले का प्रभाव पौधों की पत्तियों और तनों पर भी हो सकता है, बीज अंकुरण के लिय तापमान 5 डिग्री सेल्सियम न्यूनतम, 22 डिग्री सेल्सियम अधिकतम होना अच्छा रहता है।





## किस्में

**आर्केल :** यह झुर्रीदार बीज वाली किस्म है। पौधे बौने, हरे रंग के मजबूत और उंचाई में 35-45 से0मी0 होते हैं। फूल सफेद व फलियां आकर्षक गहरे रंग की व 8 सें. मी. लंबी होती है। इनमें 7-8 गहरे रंग के मीठे दाने भरे होते हैं। बीज जब पूरी तरह पक जाते हैं तो हल्के हरे रंग के और झरियां होते हैं। बुआई के 55 से 60 दिन के बाद फलियों की पहली तुड़ाई होती है। हरी फलियों की पैदावार प्रति हेक्टेअर 100 से 130 कुंटल है और बीज की पैदावार 15 कुन्टल प्रति हेक्टेयर है।

**मध्य मौसमी किस्म बोनविले :** मध्यम लंबाई वाली, दोहरी फलियों युक्त, झरीदार बीज वाली किस है। 55 से 60 दिनों में फल आते हैं। फलियां हल्के हरे रंग की, सीधी और लगभग 9 सें. मी. लबी होती है। दाने मीठे और गहरे हरे रंग के होते हैं। बुआई के 85-90 दिनों के अदंर मटर की फसल तैयार हो जाती है। फलियों की उपज 100 से 120 कुन्टल प्रति है और बीज 12 से 15 कुन्टल प्रति हेक्टेअर बैठती है।

**लिंकन :** पौधे बौने, मजबूत और पत्तियाँ गहरे हरे रंग की होती है। फलियां गहरे हरे रंग की लंबी और सिरे पर हल्की सी मुडी हुई होती है जिनमें अच्छे दाने होते है। फलियों में 8 से 10 दाने होते हैं और ये मीठे होते हैं। पहाड़ी इलाकों में बोने के लिए किस्म अधिक उपयुक्त है। पहली तुड़ाई बुआई के 85- 90 दिनों के बाद की जा सकती है।

## बीज की मात्रा व बुआई

**बीजदर :** पछेती किस्मों के लिए 70-75 कि0ग्रा0 और अगेती किस्मों के लिए 100 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेअर किन्तु आर्केल जैसी किस्मों के लिए 125 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेअर बीज की आवश्यकता होती है।

**दूरी :** अगेती किस्मों में कतार की दूरी 30 सें0मी0 और मध्य मौसमी और पछेती क़िस्मों के लिए 45 सें0मी0 दूरी रखी जाती है।

**बुआई :** अगेती किस्में, जैसे आर्केल मध्य अक्टूबर से नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक बोई जा सकती है। मध्य मौसमी किस्में, जैसे बोनविले और लिंकन अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवम्बर के मध्य तक बोई जा सकती है। पछेती किस्म नवम्बर के अंत तक बोई जा सकती है ।

उर्वरकों का प्रयोग

फलियों के शीघ्र विकास एवं बढ़वार के लिए नाइट्रोजन उर्वरक की कुछ मात्रा फायदेमंद रहती है। फॉस्फेट के प्रयोग से मटर की गुणवत्ता एवं पैदावार दोनों में लाभ होता है। उसी प्रकार पौटेशियम खादों के उपयोग से पैदावार पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। खेती की तैयारी करते समय गोबर की खाद 20 टन प्रति हेक्टेअर और किसान खाद, सी.ए.एन. 125 किलो प्रति हेक्टेअर अथवा उत्तम वीर यूरिया 60 से 65 किलो प्रति हेक्टेअर डालें। इसके साथ-साथ 420 किलो सुपर फॉस्फेट, व 100 किलो म्यूरेट आफॅ पोटाश प्रति हेक्टेअर की दर से दें।

## सिंचाई

उचित जमाव के लिए पलेवा की सलाह दी जाती है। इसके पश्चात शुष्क मौसम में 10 से 15 दिनों के अंतराल पर हल्की सिंचाई भी करनी चाहिए। फूल एवं फलियों की शुरूआत के समय एक या दो सिंचाई करना आवश्क है। विकसित होते हुए फलों एवं फलियों की पाले से रक्षा करने के लिए पाले मौसम में पर्याप्त सिंचाई की आवश्यकता होती है।

## खरपतवारों की रोकथाम

अधिकतर बगीचे वाली मटर कतारों में बोई जाती है, अतः यंत्रों की सहायता से खरपतवारों को काबू करना कठिन हो जाता है। अधिकांश सदाबहार खरपतवारों की रोकथाम के लिए रसायनों का उपयोग किया जाता है। फसल की बुआई से पहले और बाद में पौधे उगने से पहले 900 लीटर पानी में 1.5 किलो प्रति हेक्टेअर की दर से लिन्यूरान छिड़कने से सभी सदाबहार घासों एवं खरपतवारा के। रोकथाम हो जाती है। इस उपचार के बाद 3 स 4 सप्ताह त क सिंचाई नहीं करनी चाहिए। एम.सी.ई. ; टोपोटाक्स अथवा 2-4 डी., एम्युटॉक्स 0.84 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेअर का छिड़काव करने से सदाबार चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों पर काबू पाया जा सकता है। छिड़काव धूप वाले दिन ही जब हवा न चल रही हो, किया जाना चाहिए। इस उपचार के 10-12 दिनों बाद तक फसल की सिंचाई नहीं करनी चाहिए।

## पौध संरक्षण

मटर की फसल को नुकसान पहुँचाने वाले कीड़े हैं-मटर का पत्ती बेधक, माहू कुतरने वाले कीड़े, कट वर्मसंद्ध तथा मटर का फली बेधक।

## मटर की पत्ती का बेधक

मटर की पत्तियों पर इसके लार्वा का आक्रमण होने से पत्तियों पर सफेद रंग की टेढ़ी-मेढ़ी नालियाँ बन जाती है और पौधों की बढ़ौत्तरी रुक जाती है।

## रोकथाम

0.05 प्रतिशत मिथाइल पाराथोन का छिड़काव करने से इस कीट की रोकथाम की जा सकती है। यदि इसका प्रकोप दुबारा दिखाई पडे तो इस उपचार को 15-20 दिन बाद दोहराना चाहिए।

## माहू

यह कीड़ा पत्तियों तथा रसदार स्थानों मे रस चूसता है। इसके बदले में ये चिपचिपे तरल पदार्थ का भारी मात्रा में श्राव करते हैं जिससे काली फफूंदी आकर्षित होती है। इसके कारण प्रकाश संश्लेषण क्रिया बुरी तरह प्रभावित होती है। माहू का आग्रमण जनवरी के बाद होता है।

## रोकथाम

माहू का प्रकोप होन पर ही 0.05 प्रतिशत मैटासिक्टाक्स का घोल छिड़कें। 15-20 दिनों के बाद यदि आवश्यक हो तो दोबारा छिड़काव करें।

## कुतरने वाले, कट वर्मसंद्ध

ये सूड़ियाँ मिट्टी की सतह पर पौधों को काट देती है। बुआई से पहले मिट्टी में प्रति हेक्टेअर 25 किलो 5 प्रतिशत वाले फैनवैलरेट का छिड़काव करके इस कीड़े की रोकथाम की जा सकती है।

## मटर का फली बेधक

झल्लियाँ फलियों में छेद करके घुस जाती हैं तथा इसके बीजों,दानों को नष्ट क र देते हैं। फलियों पर छोटे-छोटे छिद्रों से इसके होने का पता लग जाता है 7

## रोकथाम

फ़सल पर 0.25 प्रतिशत कार्बारिल का छिड़काव करके इस बेधक की रोकथाम की जा सकती है। इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि फलियाँ इस छिड़काव से पहले तोडी जाएँ अथवा छिड़काव के 10 दिन में बाद ही तोड़ी जाएँ।

## बीमारियाँ

चूर्णित आसिता,पाउडरी मिल्ड्यू = पत्तियाँ, तने शाखाएँ तथा फलियाँ बुकनी जैसे पदार्थ से ढक जाती हैं। इसका भीषण असर उस मौसम में होता है, जबकि दिन और रात के तापमान काफ़ी अंतर है भारी ओस गिरती है। यह बीमारी पछेती पकने वाली क़िस्मों को अधिक प्रभावित करती है।

## रोकथाम का उपाय

जैसे ही यह बीमारी दिखाई पड़े फ़सल पर प्रति हेक्टेअर 0.3 प्रतिशत वाले 3 ग्राम गंधक के फफूंदी नाशक को एक लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें और हर सात दिन बाद यह छिड़काव दोहराएँ। दूसरे फफूंदीनाशक जैसे कैराथेन, बाविस्टिन का छिड़काव भी प्रति लीटर पानी में 1 ग्राम की दर से किया जा सकता है।

**झुलसा, (विल्ट) :** यह बीमारी केवल जड़ों पर आक्रमण करती है, जो इसके प्रभाव से काली पड़ जाती हैं। इसके कारण पौधा तुरंत झुलस जाता है और मर जाता है। अगेती किस्म इससे ज्यादा प्रभावित होती है।

## रोकथाम का उपाय


फसल को अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में या नवम्बर में बोए, क्योंकि इस समय बोई गई फसल साधारणतया झुलसे के आक्रमण से बच जाती है। सितम्बर या अक्टूबर के शुरू में बोई गई फसल को इस बीमारी से सबसे अधिक पहुँचता है।

## उतराई

सब्जी के उद्देश्य से फलियों के उपयोग के अनुसार ही मटर को उतारा जाता है। जब फलियों का रंग गहरे से हल्के रंग में बदल रहा हो तथा वे अच्छी प्रकार भर गई हो तथा सख्त न हो, तभी उन्हें तोडिए। फलियाँ तोड़ने के दौरान पौधे को सावधानी से पकडिये ताकि इसमें और फलियाँ लग सकें। यदि फलियाँ तोड़ते समय बेलें टूट गई तो शेष फलियाँ समुचित रूप से विकसित नहीं होंगी।

## पैदावार

**साधारणत:** अगेती क़िस्में प्रति हेक्टेअर 80 से 100 क्विंटल हरी फलियाँ देती हैं। मध्य मौसमी तथा पछेती क़िस्म 100 से 120 क्विंटल प्रति हेक्टेअर से अधिक की पैदावार देती हैं।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in